महानगर नई दिल्ली शनिवार 3 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

कश्मीर में तनाव : अमरनाथ यात्रा रोकी गई

तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को जल्द घाटी छोड़ने का परामर्श

सरकार ने अपने परामर्श में कहा, जल्द लौट जाएं, बड़े आतंकी हमले का खतरा

पाकिस्तान से आतंकी संगठनों को हमले करने के मिले निर्देश

घाटी में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई, सेना प्रमुख जनरल रावत पहुंचे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

कश्मीर घाटी में तनाव बढ़ गया है। अमरनाथ यात्रा पर आतंकी हमले की खुफिया सूचनाओं के मद्देनजर सरकार ने यात्रा रद्द कर दी है। सरकार ने शुक्रवार को एक परामर्श (एडवायजरी) जारी कर कश्मीर की यात्रा पर गए पर्यटकों और अमरनाथ यात्रियों को जल्द से जल्द घाटी से लौट जाने को कहा है। प्रमुख सचिव (गृह) की ओर से जारी परामर्श में गया गया है कि सभी श्रद्धालु और पर्यटक अपनी यात्रा की अवधि कम कर दें और जल्द से जल्द लौट जाएं। दूसरी ओर, केंद्र ने कश्मीर में सुरक्षा बलों की तैनाती और बढ़ाई है। 28 हजार और जवान वहां भेजे गए हैं। उधर, सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को कश्मीर में अमरनाथ यात्रियों एवं पर्यटकों पर हमले की बड़ी साजिश नाकाम करते हुए भारी मात्रा में हथियार और बारूदी सुरंग जब्त की है। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा के लिए कश्मीर घाटी पहुंच गए हैं। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, अगले दो दिनों तक वह अग्रिम मोर्चों का जायजा लेंगे।

ले. जनरल केजेएस ढिल्लन

सेना, सीआरपीएफ व पुलिस ने संयुक्त अभियान में पाकिस्तान में बने बारूदी सुरंग समेत भारी मात्रा में हथियार पकड़े

इस बीच, पंजाब से लगी सीमा पर हाई अलर्ट घोषित किया गया है। खुफिया एजंसियों ने इनपुट जारी किया है कि अमरनाथ यात्रियों और कश्मीर गए पर्यटकों पर पर हमले करने के लिए पाकिस्तानी एजंसियों ने घाटी में सक्रिय आतंकी संगठनों– जैश ए मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा को निर्देश दिए हैं। इन इनपुट के मद्देनजर सरकार ने बाकी पेज 8 पर

कश्मीर पर कोई भी वार्ता केवल पाकिस्तान के साथ : जयशंकर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कश्मीर मामले पर मध्यस्थता की पेशकश खारिज करते हुए भारत ने अमेरिका को शुक्रवार को साफ कर दिया कि कश्मीर पर यदि किसी वार्ता की जरूरत हुई, तो वह केवल पाकिस्तान के साथ होगी और द्विपक्षीय ही होगी। ट्रंप ने कहा था कि अगर भारत और पाकिस्तान चाहेंगे तो वह कश्मीर मामले पर जरूर दखल देंगे। ट्रंप के बयान के कुछ ही घंटों के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष माइक पोम्पिओ को दो टूक कहा, 'कश्मीर पर किसी वार्ता की जरूरत हुई, तो वह केवल पाकिस्तान के साथ होगी और यह वार्ता द्विपक्षीय ही होगी।'

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार के मुताबिक, जयशंकर ने बैंकाक में नौवें पूर्वी एशिया सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर पोम्पिओ से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता संबंधी ट्रंप के विवादास्पद बयान के बाद दोनों अधिकारियों की यह पहली आधिकारिक बैठक है। जयशंकर बाकी पेज 8 पर

'मोदी चाहें तो करूंगा कश्मीर पर मध्यस्थता'

वॉशिंगटन, 2 अगस्त (भाषा)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि कश्मीर पर मध्यस्थता स्वीकार करना पूरी तरह भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के चाहने की स्थिति में ही वह मध्यस्थता करेंगे। दरअसल बाकी पेज 8 पर

विमानन कंपनियों को श्रीनगर से लोगों को लाने के लिए अतिरिक्त विमान रखने की हिदायत

बलों की तैनाती आंतरिक सुरक्षा स्थिति पर आधारित : गृह मंत्रालय

विस्तृत खबरें पेज 8 पर

तीन तलाक के दो मामले दर्ज, कानून के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली/मथुरा/ठाणे, 2 अगस्त (भाषा)।

नए कानून के अस्तित्व में आने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा और महाराष्ट्र के ठाणे में तीन तलाक देने के दो मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में इस कानून के खिलाफ याचिका भी दायर की गई है।

तीन तलाक कानून के अस्तित्व में आने के साथ ही मथुरा में इसके प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। राज्यसभा में मंगलवार को इस संबंध में लाए गए विधेयक पर जब मत विभाजन हो रहा था, उसी समय मथुरा के कोसीकलां कस्बे के कृष्णा विहार मोहल्ला निवासी जुमरत को हरियाणा निवासी उसका पति इकराम बाकी पेज 8 पर

विशेष पन्ना राजकाज पेज 7 पर

जाधव को राजनयिक पहुंच

भारत ने ठुकरा दी पाक की तमाम शर्तें

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

पाकिस्तान की जेल में कैद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को राजनयिक पहुंच मुहैया कराने की पाकिस्तान की शर्तें ठुकरा दी हैं। भारत ने इस मामले में पाकिस्तान से कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के अनुरूप जाधव को 'प्रतिशोध' एवं 'धमकाए जाने के भय' से मुक्त माहौल में 'निर्बाध' राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराए। पाकिस्तान ने इसके लिए शुक्रवार को दोपहर साढ़े तीन बजे का समय तय किया था, लेकिन इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी जाधव से मुलाकात बाकी पेज 8 पर

भारत ने कहा, भयमुक्त माहौल में निर्बाध राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराए पाकिस्तान

अयोध्या : छह अगस्त से रोजाना सुनवाई

विवाद का सर्वमान्य हल निकालने में मध्यस्थता समिति नाकाम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील अयोध्या के रामजन्म भूमि–बाबरी मस्जिद भूमि विवाद का मध्यस्थता के माध्यम से सर्वमान्य समाधान खोजने में सफलता नहीं मिलने के तथ्य का संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अब इस मामले में छह अगस्त से रोजाना सुनवाई होगी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एफएमआइ कलीफुल्ला की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय मध्यस्थता समिति की रिपोर्ट का संज्ञान लिया कि इस विवाद का सर्वमान्य हल खोजने के उसके प्रयास विफल हो गए हैं।

पीठ ने कहा– हमें मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बाकी पेज 8 पर

संघ ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि राम मंदिर के निर्माण में आने वाली कानूनी अड़चनें जल्द ही दूर हो जाएंगी।

विस्तृत खबर पेज 8 पर

> "मध्यस्थता कार्यवाही से किसी भी तरह का अंतिम समाधान नहीं निकला है। इसलिए हमें अब लंबित अपील पर सुनवाई करनी होगी जो छह अगस्त से शुरू होगी। इस प्रकरण के पक्षकारों को अपीलों पर सुनवाई के लिए अब तैयार रहना चाहिए। – सुप्रीम कोर्ट

SBI

बदल रहे हैं डिजिटल बैंकिंग की तस्वीर

योनो ऐप पर 11 मिलियन से अधिक पंजीकृत प्रयोगकर्ता

yono SBI

आज, जब भारत डिजिटल प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है तो योनो भारत में डिजिटल बैंकिंग की तस्वीर को बदलने में आगे बना हुआ है. हमें योनो के माध्यम से हर भारतीय के लिए नवोन्मेषकारी और सर्वसमावेशी जीवनशैली व बैंकिंग समाधानों के साथ अग्रणी भूमिका निभाते हुए प्रसन्नता हो रही है.

30 जून 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(₹ करोड़ में)

विवरण	केवल भारतीय स्टेट बैंक			स्टेट बैंक समूह		
	30/06/2019 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित)	31/03/2019 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	30/06/2018 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित)	30/06/2019 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित)	31/03/2019 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	30/06/2018 को समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित)
कुल परिचालन आय (विशेष मदों सहित)	70,653.23	2,79,643.54	65,492.67	83,486.01	3,30,687.36	74,993.91
इस अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर-पूर्व, विशेष तथा/अथवा असाधारण मदें)	4,063.22	46.93	-7,255.13	5,684.80	4,754.00	-6,064.72
इस अवधि के लिए कर-पूर्व निवल लाभ/(हानि) (विशेष तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	4,063.22	1,607.48	-7,255.13	5,684.80	5,220.48	-6,064.72
इस अवधि के लिए कर-पश्चात निवल लाभ/(हानि) (विशेष तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	2,312.20	862.23	-4,875.85	2,950.50	2,299.64	-4,230.44
इक्विटी शेयर पूँजी	892.46	892.46	892.46	892.46	892.46	892.46
आरक्षित निधियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधियों को छोड़कर) जिस प्रकार पिछले वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र में दर्शायी गई है	1,95,367.42	1,95,367.42	1,93,388.12	2,08,949.26	2,08,949.26	2,04,581.50
प्रति शेयर आय (प्रति ₹1/-) (चालू एवं बंद परिचालनों के लिए), (₹ में) तिमाही आंकड़े वार्षिकीकृत नहीं						
मूल:	2.59	0.97	-5.46	3.31	2.58	-4.74
कम करने के पश्चात:	2.59	0.97	-5.46	3.31	2.58	-4.74

उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत शेयर बाजारों के पास जमा किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है. तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप शेयर बाजारों की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट bank.sbi पर उपलब्ध है.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 02.08.2019

बोर्ड के आदेशानुसार
रजनीश कुमार
अध्यक्ष

भारतीय स्टेट बैंक, कॉरपोरेट केन्द्र, मैडम कामा रोड, मुंबई - 400 021

कृपया हमसे यहाँ भी जुड़िए –

रविवारी
4 अगस्त, 2019

इजहार-ए-दीवार

दीवारों पर लिखने और चित्रकारी की परंपरा पुरानी है। पर जबसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दीवार लेखन पर रोक लगाने का प्रयास हुआ है, इसे लेकर नई बहस शुरू हो गई है। बता रहे हैं सुशील राघव और मृणाल वल्लरी।

• कविताएं/ यामिनी नयन गुप्ता • कहानी/ रामदरश मिश्र • प्रसंग/ मिथिलेश श्रीवास्तव • समाज/ नासिरा शर्मा • शख्सियत/ मैथिलीशरण गुप्त • दाना-पानी/ मानस मनोहर • सेहत/ रविवारी डेस्क

चमकते-दमकते फैशन का दौर • रेनू दत्त
• कविता/ सूर्यकुमार पांडेय • कहानी/ सिराज अहमद

आतंकवाद की जांच में बढ़े एनआइए के अधिकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

संसद ने शुक्रवार को 'विधिविरूद्ध क्रिया-कलाप निवारण (यूएपीए) संशोधन विधेयक, 2019' पर मुहर लगा दी। राज्यसभा में इस विधेयक को 42 के मुकाबले 147 मतों से मंजूरी मिल गई। इसके तहत किसी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने व आतंकवाद की जांच के मामले में राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) को संपत्ति जब्त करने समेत कई अधिकार दिए गए हैं। संशोधन के बाद इस कानून के तहत एनआइए सहित केंद्र और राज्य, दोनों की एजंसियां आतंकवादी गतिविधियों की जांच कर सकेंगी। किसी मामले की जांच किए जाने पर इसके महानिदेशक को संपत्ति की कुर्की की मंजूरी देने का अधिकार दिया गया है। गृह मंत्रालय ने एनआइए के बारे में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की और एलान किया कि यह एजंसी अब विदेशों में भी जांच कर सकेगी।

यूएपीए संशोधन विधेयक को संसद की हरी झंडी

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने यूएपीए विधेयक के प्रावधानों के दुरूपयोग की कांग्रेस की बाकी पेज 8 पर

उन्नाव कांड सुप्रीम कोर्ट ने दुर्घटना मामले का स्थानांतरण स्थगित किया

सीबीआइ का विशेष दल गठित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव बलात्कार कांड पीड़िता के वाहन से ट्रक की टक्कर के मामले को रायबरेली से दिल्ली की अदालत में स्थानांतरित करने संबंधी अपने आदेश में शुक्रवार को संशोधन कर दिया क्योंकि इस घटना की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। इस दुर्घटना में बलात्कार पीड़िता और उसका वकील बुरी तरह जख्मी हो गए थे जबकि पीड़िता के दो परिजनों की इसमें मृत्यु हो गई थी। इस बीच, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने इस सड़क हादसे की जांच के लिए 20 सदस्यीय अतिरिक्त विशेष दल का गठन किया है। एजंसी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के छह शीर्ष बाकी पेज 8 पर

केंद्रीय जांच एजंसी की 20 सदस्यीय विशेष टीम लखनऊ में पांच सदस्यीय टीम की मदद करेगी जो कि मामले की पहले ही जांच कर रही है।

पीड़िता और वकील की हालत स्थिर

खबर पेज 8 पर

पीड़िता को एम्स भेजने का निर्णय परिवार पर छोड़ा

नई दिल्ली, 2 अगस्त (भाषा)।

शीर्ष अदालत ने पीड़िता को इलाज के लिए लखनऊ स्थित केजी मेडिकल कालेज से दिल्ली के एम्स में स्थानांतरित कराने का निर्णय शुक्रवार को उसके बाकी पेज 8 पर

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

It is for general information that I, Kamlesh Kaur, W/o Ravinder Singh R/o-74-A Gali No.2 Old Tezab Mill, Bholanath Nagar, Shahdara S.O.East Delhi, Delhi-110032 inform that name of my minor son Kirat Singh Aged-14-Years has been wrongly-written as Kirth Singh in his School Record. The actual name of my minor son is Kirat Singh which may be amended accordingly 0040505894-1

It Is For General Information That I, Jagriti Goyal D/O Mr.Bhanu Prakash And W/O Mr.Deepak Choudhary, R/O-C-495, SFS-Flats, Sheikh-Sarai Phase-1, New Delhi-110017 informs That I Got Divorce From My Husband Vide Court Decree Hma No.39/15, Dated-07/11/2016.Further I,Have Changed The Name Of My Minor Daughter Dhriti Aged 09-Years And She Shall Hereafter Be Known As Dhriti Goyal. 0040505905-9

I, Chandra Kant Prasad S/o Sh. Banwari Sah R/O 94C, Arawali Apartment, Sector 52, Noida here confirm that my daughter's Anjuri correct name is Anjuri Prakash for all future purposes. 0040505869-3

I, Vishwakarma Chaudhari S/o Shriram Chaudhari R/o-J120, Patel Nagar Ghaziabad have changed my name to Vishva Karma. 0040505869-2

I, Sunil S/O Madan Lal R/O H-4&5, Radheypuri, Krishna Nagar, Delhi-110051. Changed My Name To Sunil Badoliya. 0040505950-7

I, Summi Chopra W/o Rakesh Chopra R/o 16/12, Second Floor, West Patel Nagar, New Delhi-110008, have changed my name from Vaishali Chopra to Summi Chopra. 0040505843-1

I, Sunil Rana S/o Late Sh.Amar Singh Rana R/o E-2/2/43, Sector-15, Rohini, Delhi-110089 have changed the name of my minor son from Aryan Rana to Aryan Singh Rana for all purposes. 0040505837-1

I, Sumeet Khetwani S/O Tulsi Dass Khetwani R/O-D-162, Ashok Vihar, Phase-1, Delhi-52 Have Changed My Name To Sumit Khetwani. 0040505905-5

I, Sulochana Harad D/O Ram Singh Harad R/O-Hanuman Mandir Ke Pass, Gram Sanjay-Nagar Ema Badodiya Sanjay-Nagar, Indore-Madhya Pradesh-463111, Have Changed My Name Aayasha,For All Purposes. 0040505923-6

I, Suhaib S/o Ali Hasan R/o D-618,Gali No-7,Khadda Colony,Jaitpur Extn. Part-2, Badarpur, Delhi-110044 have changed my name to Mohammad Suhaib permanently. 0040505869-1

I, Sudhir Kumar S/o Late Chaman Lal Chanana R/o H.No.276, Sector-16, Faridabad (HR), have changed my name from Sudhir Kumar to Sudhir Chanana. My correct Name is Sudhir Chanana for all future purposes. 0040505928-1

I, Sudhanshu S/o Pankaj Kathuria R/o F-49, Kirti Nagar New Delhi-110015, have changed my name to Sudhanshu Kathuria 0040505834-2

I, Subhash Kumar S/o-Ramsahay Prasad R/o-Block-E-103, Ajronda-Metro Staff-Quarter, Faridabad, Haryana-121007.changed the name of my minor daughter.,Kumari Sanjana to Ananya Kumari. 0040505950-3

I, Shiv Kumar S/O Musaddi Lal, R/O-18/120, East-Motibagh, Street No-4, Sarai Rohilla, Delhi-110007. Changed My Name To Shiv Kumar Garg. 0040505950-5

I, Shalni Chopra(Maiden name Shalni Bhola)Spouse of Subhash Chander Chopra, resident of-B1A/88-B, Janak puri, New Delhi-110058,have changed my name from Shalni Chopra to Shukla Chopra vide-affidavit dated-30.07.2019 at Delhi. 0040505894-9

I, Saumya Jindal D/o Rajesh Gupta R/o-A-20, Shubham-Enclave, Paschim-Vihar, New Delhi-110063.have changed my name as Saumya Gupta for all purposes. 0040505978-1

I, Sarojini Devi, Spouse Of-Lt. Col.Hari Chand Resident Of: K-300,Kangra Niketan, Vikaspuri, New Delhi-18.,Have Changed My Name from Sarojini Devi to Saroj Patial & My Date-of-Birth is 01-Jan1945 Vide-Affidavit Dated 05th-July-2019 before Shri.Natvaralal P.Sonchhatra Notary Greater Bomby, Govt.of Maharastra. 0040505894-6

I, Ranjana D/o Devi Saran R/o 196 Sec-30 Gurgaon Haryana-122001. changed my name to Ranjana Sharan. 0040505905-8

I Shailender Kumar Vashisht S/O Styender Kumar Vashisht R/O-CRPF Quarter.No-107, Block-1, Pocket-2, Sector-16B, Dwarka, Delhi-110078. Changed my Name to Shailender Kumar Vashist. 0040505978-3

व्यक्तिगत

I, Sarita Tripathi also known as Geeta Ram Tripathi w/o Manjul Joshi r/o 26P/203, Gali no.-1, Indra Park, Delhi-110045, have changed my name to SARITA JOSHI. 0040505886-1

I, Sanjeev Kumar Gupta S/o Ashok aggarwal,Shashi Aggarwal R/o-1/5912-B Kabool Nagar, Shahdara Delhi-110032,have changed my name to Sanjeev Aggarwal for all purposes. 0040505894-4

I, Renu Bala D/o Late Sh.Krishan Kumar W/o Sh.Tirath Ram Garg R/o H.No. 569/C-8, Sector-8, Rohini, Delhi-110085 have changed my name after marriage to Renu Garg for all purposes. 0040505837-2

I, Rekha W/O Sunil Badoliya R/O-H-4&5, Radheypuri, Krishna Nagar, Delhi-110051., Changed My Name To Rekha Badoliya. 0040505950-8

I, Reenu Rani@Rachita Kadyan D/o Shri.Khushi Lal W/o-Shri.Anuj Virendra Singh Kadyan R/o House-No.E-001, Stellar MI Citi-Homes, Omicron-3, Greater-Noida, Uttar-Pradesh have changed my name to Rachita Kadyan.,for all purposes. 0040505905-10

I, Rajbir S/O Ramkishan R/O Rz-202/2, Street No-2, Sadh-Nagar, Palam Colony, New Delhi-110045. Changed My Name To Rajbir Yadav. 0040505950-6

I, Rahul S/o Jawahar Lal R/o- P-1/718, Sultanpuri, Nithari, West Delhi-110086 have changed my name to Rahul Mannan permanently. 0040505923-5

I, Rachna W/O Parveen Kalra R/O F-80, Himkunj-Appt, Plot-8, Sec-14, Rohini, Delhi-110085 Have Changed My Name To Rachna Kalra. 0040505905-3

I, Praveen s/o Ram Kumar r/o F-66/A, Kunwar Singh Nagar, Nangloi, Delhi-110041, have changed my minor (DOB: 12/03/2008) son's name from Aryan to ARYAN VERMA. 0040505870-1

I, Poonam W/o Kishan Gopal H.N.108 Double Story, Welcome Delhi-110053,have changed my minor son name from Keshav to Kartik Brham for all purposes. 0040505923-7

I, Pinki @ Pinky @ Sunita Devi @ Sunita D/o Sh.Amar Nath Singhal W/o Sh.Sanjay Aggarwal R/o B-3/34, Rajasthali Appartment, Pitam Pura, Delhi-110034 have changed my name to Sunita Devi for all purposes. 0040505837-3

I, Parveen Kumar S/O Manohar Lal R/O F-80, Himkunj-Appt, Plot-8, Sec-14, Rohini, Delhi-110085 Have Changed My Name To Parveen Kalra. 0040505905-4

I, Pappu Kumar Sah R/o Gb-23, Pulprahladpur, ND-44, have changed my minor son's name from Priyanshu Kumar Saha to Priyanshu Kumar Sah for all purposes. 0040505928-2

I, Pankaj Kaushik S/o Samir Kaushik R/o-D-43, Sector-40, Noida, Gautambudh Nagar, U.P.-201301 have changed my name to Panku Kaushik. 0040505923-3

I, Nita Sethi W/o Tarun Sethi R/o-C-23, The-Summit, Golf-Course Road, Sector-54, DLF-Phase-5, Gurgaon.have changed my name to Anita Sethi.for all purposes. 0040505923-2

I, Nikhil Sehgal S/o Deepak Sehgal R/o-218.Tagore Park, Model-Town, Dr.Mukherjee Nagar, Delhi-110009 have Changed my Name to Nikhhil Sehgal for All purposes 0040505834-4

I, NARENDER PRAKASH S/o BHIM SAIN, residing at H.No.-B-71, Street No.6, New Usmanpur, Delhi-110053 have changed the name of my minor daughter ANNIE SAIN aged 15 years and shall hereafter be known as ANNIE GAUTAM. 0040505902-1

I, Milvinder Kaur Sethi W/O Late.Satinder Pal Singh R/O-60, Vidya-Apartment, Inder-Enclave, Rohtak-Road, N.D-110087. Have Changed My Name To Malvinder Kaur. 0040505923-1

I, Mehr Sharma D/o Puja Sharma R/o M-203, Second Floor, Southcity-1, Sector-41, Gurgaon (HR)-122002, have changed my name to Mehar Sharma for all purposes. 0040505908-1

I, Manoj Kumar, S/O Sh. Om Parkash Khurana R/O House No: 553, 2nd Floor Bhai Parmanand Colony, Dr. Mukherjee Nagar, North West Delhi-110009 have changed my name to Manoj Kumar Khurana. 0070668035-1

I, Mamta Semalti W/o Rakesh Parsad R/o-4/9, Railway-Colony, Sewa Nagar, Lodhi Road, N.Delhi-110003 have changed my name to Mamta Jakhmola. 0040505905-2

I Hitherto known as Kiran Devi W/o Vijay Kumar Shah R/o-27/109/11-A Pandav Road, Jwala Nagar, Shahdara Delhi-110032, have changed my name and shall hereafter be known as Kiran Kumari 0040505894-2

I Hither To Know As Sapna D/O-Sadal Prasad Employed As—In The Residingate-Rz-59b Block-Rzb Nihal-Vihar, Nangloi New Delhi-110041. Here Changed My Name And Shall Herealter Be Know As Prajapati Sapna Sadalprasad. 0040505894-10

I, Malik Manish Kumar S/o Uday Singh H.No.5/1 Village-Rabhra Gohana Sonipat Haryana-131301 changed my name to Manish Malik. 0040505905-7

I, Kushal Kumar Sayal S/o Suresh Kumar Sayal R/o-3/147, Subhash Nagar, N.Delhi-110027 have changed my name to Kushul Kumar. 0040505923-4

I, Karan S/o Mr. Harke Ram R/o H.No.62, Block No.208, Jind-Ramrai(11), Jind, Haryana-126102, have changed my name to Karan Singh. 0040505894-5

I, Jyoti W/o Sanjay Kumar D/o.Arjun Paswan R/O-L-144 ,Vijay Vihar, Phase-2,Rohini Sector-4, Rithala, North West Delhi-110085,have changed my name to Jyoti Prabha. 0040505834-3

I, Gyanendra Srivastava s/o Lallan Prasad r/o Shivalika Apartment, Plot no.-16, 7G, Dwarka, Delhi-110077, have changed my minor (aged 15 years) son's name from Aryan Srivastava to Isshaan Srivastav. 0040505886-2

I, Essombe Arsene Vanessa, W/o Mr.Sudhir Mohan Pant, R/o-70, Sultanpur-Extension, New Delhi-110030,have changed my name to Arsene Vanessa Essombe Epse Sudhir Pant. 0040505950-2

I, Divyanshu S/o Pankaj Kathuria R/o F-49, Kirti Nagar New Delhi-110015, have changed my name to Divyanshu Kathuria 0040505834-1

I, Deepak Kaushik S/O Madan Lal R/O-41, Third-Floor, Old-Anarkali, Krishna-Nagar, Delhi-110051. Changed My Name To Deepak Kumar Kaushik. 0040505950-4

I, Debabrata Maji,S/o Kasinath Maji,R/o 11/16, Semal Road,Shipra Suncity, Indira puram,Ghaziabad(U.P.) have changed my daughter's name from Sneha to Sneha Srijaya for use in all legal documents. 0040505946-1

I, Davinder Singh Awal S/O : Khem Singh Awal R/o 7968, Kharia Mohalla, Roshanara Road, Delhi-110007 have changed my name to Davinder Singh 0070668022-1

I, Charu Gupta D/o Hansraj Singhal, Anuradha Singhal W/o Sanjeev Aggarwal R/o-1/5912-B Kabool Nagar, Shahdara Delhi-110032,have changed my name to Charu Aggarwal for all purposes 0040505894-3

I, Ankur Tara S/o Sunil Kumar Tara R/o 7/97 3rdFkoor Malviya Nagar New Delhi-110017 Changed My name to Ankur Sharma. 0040505950-1

I, Amzad Khan S/o Niaz Mohammed., H.No.602A, Part-2, Ward no.3, Flatno.D-1, 3rd-Floor, Mehrauli, Delhi-110030.,changed my name to Mohammad Amzad Khan. 0040505905-1

I, Abhilasha D/O, Govind Prasad Kukreti R/o H.N. 370A, Block A, Palam Vihar, Gurgaon, Haryana, have changed my name to Abhilasha Kukreti for all purposes. 0040505874-1

I, Abhijeet Kumar S/o Nandlal Bhagat R/o 538 A/519, Triveninagar, 3rd Lucknow-226020, have changed my name to Abhijeet Bhagat for all future purposes. 0040505687-2

I, Aakanksh S/O Narinder Bhatia R/O.Flat.No-367, DDA SFS-Flats, Pocket-1, Dwarka Sector-22, Delhi-110077.Have Changed My Name To Aakanksh Bhatia. 0040505905-6

I hitherto known as Vikas S/o Late.Sidhya Ram R/o-H.No.D-3/49, Gali No-3, Brijpuri, Delhi-110094.have Changed my name and shall hereafter be known as Vikas Singh Shakya. 0040505894-8

I hitherto known as Kuldeep S/o Late.Sidhya Ram R/o-H.No.D-3/49, Gali No-3, Brijpuri, Delhi-110094,have Changed my name and shall hereafter be known as Kuldeep Singh Shakya. 0040505894-7

I Surender Puniya S/O Dharam Pal Puniya, H.No-D-1/131, Kunwar Singh-Nagar, Nangloi, Delhi-110041. Changed my Name to Surender Kumar. 0040505978-2

I Shipra Vashisht W/O Shailender Kumar Vashist R/O-CRPF QuarterNo-107, Block-1, Pocket-2, Sector-16B, Dwarka, Delhi-110078. Changed my Name to Shipra Vashist. 0040505978-4

I Manoj Kumar S/o Ramphal R/o VPO- Behlba, Teh-Meham, Distt-Rohtak (Haryana) PIN-124112 have changed my minor child's name from Harsha to Harsh. 0070668039-1

I Jonty Gupta s/o Vijay Gupta R/o C31, Greenwoods City, Sector 45, Guragon have changed my name to Jatin Gupta for all purpose. 0070668036-1

I, Praveen Kumar Sharma D. O. B. - 09.04.1978, S/o Inderpal Sharma, R/o D-60,GaliNo.-17,Hindon Vihar, Sector-49, Noida, Distt. - G. B. Nagar, U. P. - 201301, inform that Praveen Sharma & Praveen Kumar Sharma both are one & the same person. 0040505241-5

व्यक्तिगत

मैं, शगुन शर्मा, पुत्री राकेश शर्मा, डी-100 की निवासी, आनंद निकेतन, नई दिल्ली- 110021 ने शगुन एसशर्मा के लिए अपना नाम 27.7.2019 तारीख को संदीप शर्मा के समक्ष शपथ पत्र संख्या **IN-DL29953810220413R** के अनुसार बदल दिया है। **50152463**

खोया+पाया

I, Sahiba D/o Bashesar Kumar, R/o-H.No.186, Salahpur, Majra-Dabas, Delhi-110081.have lost my original Marksheet of Class-10th Roll.No.8179960, year-2017, passout from CBSE. 0040505950-10

I, Umang Tyagi S/o Late Ravi Dutt Tyagi R/o-D-15/92, Sector-7, Rohini, Delhi,have lost Original DDA-Allotment Letter of above said property. 0040505978-9

It is notified for information that my original qualifying examination certificate of Secondary School Examination year 2003 Roll No. 6390491 issued by CBSE,Delhi has been Lost. Name:Mahendra Address:RZ-127/253, Jagdamba Vihar,West Sagarpur, New Delhi-110046. Phone: 9718096100. 0040505840-1

It is notified for the information that my Original Certificate of Main Secondary Examination Year 2003, Roll. No. 6402124 and Senior Secondary Examination Year 2006, Roll. No. 6670228 issued by CBSE has been actually lost. Mandeep Kaur D/o Late Surinder Singh, 11/2 Pantnagar, Jangpura Extension, New Delhi- 110014. 0040505845-1

It is notified for the information that my Original Qualifying Examination Certificate of Main Senior Secondary Examination of Year 2014 and Roll No.9196546 issued by CBSE has been actually lost. Narender Kamiya, B-209/2, Birla Farm, Chattarpur Extension, New Delhi – 110074 (Mob No.:8810332751). 0040505910-1

I, Harsh Omre S/O RAVINDERA OMRE R/o-401 kempstone tower Omex Hills-2 near Anangpur chock suraj-kund road faridabad-121003.,have Lost my 10th Class Certificate Roll No.2118760 Year- 2016 issued by CBSE Faridabad. 0040505923-10

I Vikas Khanna S/o Lt.Sh.Vijay Kumar Khanna, R/o-2752, Gali no-2, Tirath-Road, Putleghar-Amritsar Punjab-143001 (Mutattee)-Have Lost Original -FDR-13971, Priority. No-18326, Appl No-74383 of Plot No-249, Pkt-A-2, Sec-35 Rohini Delhi in the name of My father Sh.Vijay Kumar Khanna. 0040505978-8

Lost My Original Certificate Of Class-10th Roll No-8610714, Year-1999, from CBSE Delhi Finder May Contact- Sagar Pandey: 7982637412. 0040505950-9

शिक्षा संबंधित

विद्या ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
विद्या भवन
बल्ला हाउस, उपोलित
काली मंदिर, नई दिल्ली–110001

DPSE कोर्स 2019–2021 में मैनेजमेंट सीट के लिए आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के रिसेप्शन डेस्क पर (एस.सी.ई.आर.टी.) के मानदण्ड के अनुसार योग्य उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है।
तिथि व समय : 29 जुलाई, 2019 से 13 अगस्त, 2019 तक। 10:00 बजे से 4:00 बजे तक
(सभी कार्य दिवसों में)

विद्या ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
विद्या भवन
बल्ला हाउस, उपोलित
काली मंदिर, नई दिल्ली–110001

D.EL.ED कोर्स 2019-2021 में मैनेजमेंट सीट के लिए आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के रिसेप्शन डेस्क पर (एस.सी.ई.आर.टी.) के मानदण्ड के अनुसार योग्य उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है।
तिथि व समय : 29 जुलाई, 2019 से 13 अगस्त, 2019 तक। 10:00 बजे से 4:00 बजे तक
(सभी कार्य दिवसों में)

साई इंस्टीट्यूट फॉर गर्ल्स
साई भवन
राजा राम कोहली मार्ग,
गीता कॉलोनी, दिल्ली–110031

DPSE कोर्स 2019–2021 में मैनेजमेंट सीट के लिए आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के रिसेप्शन डेस्क पर (एस.सी.ई.आर.टी.) के मानदण्ड के अनुसार योग्य उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है।
तिथि व समय : 29 जुलाई, 2019 से 13 अगस्त, 2019 तक। 10:00 बजे से 4:00 बजे तक
(सभी कार्य दिवसों में)

साई इंस्टीट्यूट फॉर गर्ल्स
साई भवन
राजा राम कोहली मार्ग,
गीता कॉलोनी, दिल्ली–110031

D.ELED कोर्स 2019-2021 में मैनेजमेंट सीट के लिए आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के रिसेप्शन डेस्क पर (एस.सी.ई.आर.टी.) के मानदण्ड के अनुसार योग्य उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है।
तिथि व समय : 29 जुलाई, 2019 से 13 अगस्त, 2019 तक। 10:00 बजे से 4:00 बजे तक
(सभी कार्य दिवसों में)

सामूहिक बलात्कार के दोषी किशोर को 20 वर्ष की सजा

एक नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार के दोषी नाबालिग लड़के को सिमडेगा की स्थानीय अदालत ने बीस वर्ष कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। (भाषा)

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल बलबीर सिंह पुत्र श्री चेत राम एवं श्रीमती रामवती पत्नी बलबीर सिंह निवासी ए–720, इन्द्र एंकलेव, फेस–2, किराड़ी सुलेमान नगर, उत्तर पश्चिम, दिल्ली–86 ने अपने पुत्र राजीव एवं पुत्रवधू पिंकी पत्नी राजीव को उनके दुर्व्यवहार, नियंत्रण से बाहर होने, आए दिन झगड़ा, गाली–गलोच, मानसिक शारीरिक यातनाएं देने, झूठे केस में फंसवाने की धमकी देने के कारण इन्हें अपनी सभी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए इन दोनों से सभी पारिवारिक रिश्ते नाते सम्बन्ध–विच्छेद कर लिए हैं। अब इन दोनों से मेरे मुवक्किलों का कोई रिश्ता नाता नहीं रहा है, भविष्य में इन दोनों के किसी भी प्रकार के क्रिया–कलापों, दीवानी, फौजदारी वाद–विवाद, पुलिस कार्यवाही व लेन–देन आदि के लिए मेरे मुवक्किल व उनके परिवार का कोई सदस्य उत्तरदायी नहीं होगा।

आर.पी. त्रिपाठी (अधिवक्ता)
चै.नं. बी–96, बी.जी.एस. ब्लॉक,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली–54

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that my client Sh. Prem Pal Singh S/o Sh. Ashish Lal, R/o. G-411, Street No. 21, West Karawal Nagar, Dayalpur, Delhi -110094, has severed all his relationship with his son Sh. Deepak and Smt. Aarti, W/o Sh. Deepak, both R/o. G-411, Street No.21, West Karawal Nagar, Dayalpur, Delhi -110094, as they are no longer in his control. Any one dealing with them shall do so at his own risk and my client shall not be held liable in any of their dealings with any third party in any transaction whatsoever.

RAJENDRA KUMAR CHAUHAN-ADVOCATE
Ch. No. C-84, C.L. Joseph Block, Tis Hazari Court, Delhi -110054

PUBLIC NOTICE

My Clients, namely Jaswant Singh S/o Ranbir Singh & Smt. Sinla W/o Jaswant Singh B/R/O 82, Village Bhogal Delhi-110040, has severed all type of relationship with his son namely Bharat, daughter-in-law namely Ms. Nana, grandson Master Deepak and grand daughter namely Ms. Shakshi and also debar them from their entire movable and immovable property, due to misconduct and hostile behavior of their son and daughter-in-law, grandson and grand daughter named above, towards the family. Anybody dealing with them in any manner, shall do so at its own cost, risk and responsibilities and consequences and my clients shall not be responsible for the same.

S.K. VASISTHA-ADVOCATE
Ch. No. K-154, Tis Hazari Court, Delhi -110054

Public Notice

Under the instructions of my Client Shri Ram Avtar S/o Late Shri Atma Ram, I hereby inform the general public that his sons (1) Kapil Goel and (2) Farish Bharti and their children, are neither residing with him nor they are in our Clients control. The behavior of Kapil Goel and Farish Bharti and their children are not good towards our Client. Therefore, our Client has disowned their sons Kapil Goel and Farish Bharti and their children from his movable and immovable property and have severed all relations with them with immediate effect. Anyone dealing with them, shall be responsible for his acts or omission and commission and that our Client will not be held liable in regard thereto. Harpreet Singh Popli, Adv.
C-184, Vikas Puri, New Delhi-18

PUBLIC NOTICE

My client Smt. Ashok Rani W/o Late Sh. Narender Kumar, H.No.-1051, Shastri Nagar, Delhi have severed all relations from his son Manish Partap Singh & his wife Nitu and debarred from her movable-immovable properties. If anybody deals with them, my client shall not be responsible in any manner.

D.S. Rana & Associates (Advocate)

PUBLIC NOTICE

Be known to all public at large that my client Sh. Gangaram S/o Sh. Megh Singh R/o Y-1/20, Ph.1, Budh Vihar, Delhi-86 has disowned and debarred his younger son Harish from all his movable and immovable properties with immediate effect as he has gone out of control of my client. My client has ceased all relations with Harish, anybody dealing with Harish hereafter shall do at his own cost and risk and my client shall not be liable and responsible for the same in any manner whatsoever.

Pawan Kumar Verma, Advocate.
Ch. No.1104, Rohini Courts, Delhi-85

PUBLIC NOTICE

The public at large is hereby informed that my client Sh. Ravinder Singh Dahiya (UID No.6225 4242 7126) S/o Late Sh. Ram Chand and Smt. Pushpa Devi (UID No.5864 8895 0469) W/o Sh. Ravinder Singh Dahiya R/o VPO Rohat, Sonipat, Haryana, have debar their son namely Ignor Dahiya (UID No.6911 5849 5488) and his wife Smt. Rinku Hudda (UID No.3040 7588 7758) and their daughter Anju Dahiya R/o VPO Rohat, Sonipat, Haryana from their life due to their bad conduct, addicted gambling, addict alcoholic and disobedient towards my client and entire family and my clients have no control of any manner over them and my clients are residing separately from them and daughters of my clients were already got married and have no concern with them and my clients deprived them from their all movable and immovable properties and my clients had already relinquished/transferred 5 Kanal 15 Marla land of his share to his brothers at the instance of Ignor Dahiya. If any one deals with them will be at his/her own risk then my clients and their family and daughters will not responsible in any manner and my clients and his family and daughters have snapped their relations with them in all manner for all purposes.

RAVINDER KHATRI (ADVOCATE)
Ch. No. 822, Rohini Courts, Delhi-110085

PUBLIC NOTICE

The general public is hereby informed that my client Smt. Shakuntala Devi Wd/o Late Hari Prakash Sharma R/o H. No. RZ 883A/13, Gali No. 9/3, Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi-110045, have severed all relations with her Son Vinod Kumar Sharma and his wife Ms. Tulsi Devi and their children, Nidhi @Guddu, Mukul Sharma @ Mannu all R/o H. No. RZ 883A/13, Gali No. 9/3, Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi-110045, and have disowned/disinherited Vinod Kumar Sharma, Tulsi Devi, Nidhi @ Guddu, Mukul Sharma @ Mannu from all her movable and immovable properties with immediate effect. Anyone dealing with them shall be doing so at his/her own risk and consequences. The general public is further notified that my client shall not be responsible for any acts, deeds, well being /future life of Vinod Kumar Sharma, Tulsi Devi, Nidhi @ Guddu, Mukul Sharma @ Mannu in any manner.

KANWAR UDAI BHAN SINGH SEHRAWAT (ADVOCATE)
Chamber No. 505, Patiala House Courts, New Delhi -110001, Phone : 9810675691

PUBLIC NOTICE

My clients (1) Indu Kapoor W/o Anil Kapoor (2) Anandika Kapoor D/o Sh. Anil Kapoor (3) Nitika Kapoor W/o Sh. Neeraj Kapoor all R/o-E-4/20 Krishna Nagar, Delhi-51 had purchased the first Floor of building property bearing no. J-2/9 (Part) measuring 114.5 Sq. Yds IE 95.72 Sq. Mt. covered area 86 Sq. Mt. Consisting of its structure built there on along related rights & meters from Sh. Dinesh Kapoor S/o Sh. Shyam Dass R/o-J-2/9 Krishna Nagar, Delhi-51 wide sale deed dated 08/06/2018 registered on 11/06/2018 with Regn. No. 4990 my clients are the absolute owners of the said property and are interested in transferring the same said property in favour of Sh. Hitesh Kapoor S/o Raj Kapoor R/o H.N.12 Gali no.5, Radhey Puri Ext. Delhi-51 if anybody has any claim against the said above mentioned property I.E. First Floor of J-2/9 Part may contact the following within 15 days, Hitesh Kapoor R/o H.N.12, Gali No. 5, Radhey Puri Ext. Delhi-51, #8860223210, Indu Kapoor, Anandika Kapoor, Nitika Kapoor #9873437517 C/o Pawan Choudhary Advt. En D-2235/2004

चंद्रयान-2 ने चौथी बार सफलतापूर्वक बदली कक्षा

बंगलुरु, 2 अगस्त (भाषा)।

भारत के 'चंद्रयान-2' का चांद तक का सफर जारी है और उसे शुक्रवार को चौथी बार पृथ्वी की कक्षा में और ऊंचाई पर सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। भारत के दूसरे चंद्र मिशन 'चंद्रयान-2' की सभी गतिविधियां सामान्य हैं। अंतरिक्ष एजंसी इसरो ने बताया कि पिछले महीने प्रक्षेपण के बाद से 'चंद्रयान-2' की चौथी बार कक्षा बदली गई।

- कक्षा में अगला परिवर्तन छह अगस्त को किया जाएगा।
- 'चंद्रयान-2' की सभी गतिविधियां सामान्य।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के मुख्यालय ने यहां एक बयान में कहा कि चंद्रयान-2 की कक्षा को 646 सेकंड में चौथी बार सफलतापूर्वक परिवर्तित किया गया। उसकी कक्षा में अगला परिवर्तन छह अगस्त को किया जाएगा।

3,850 किलोग्राम के तीन मॉड्यूल के साथ 'चंद्रयान-2' का 22 जुलाई को प्रक्षेपण किया गया था। इसरो का मकसद 'चंद्रयान-2' को सात सितंबर को चांद के अनछुए हिस्से दक्षिणी ध्रुव पर उतारना है, जो देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में बड़ी छलांग साबित होगा। अगर यह मिशन सफल रहा तो रूस, अमेरिका तथा चीन के बाद भारत चौथा देश होगा जिसने चांद पर सॉफ्ट लैंडिग कराई है।

शुक्रवार को चंद्रयान को और ऊंचाई तक पहुंचाने के साथ ही इसरो ने इस यान को चांद तक पहुंचाने के 15 अहम चरणों में से चार को पूरा कर लिया है। इससे पहले 24, 26 और 29 जुलाई को 'चंद्रयान-2' की कक्षा सफलतापूर्वक बदली गई थी। 'चंद्रयान-2' अभी पृथ्वी से 277 किलोमीटर दूर है जबकि इसका शिरोबिंदु 89,472 किलोमीटर दूर है।

अंतरिक्ष एजंसी के मुताबिक, चंद्रमा के प्रभाव क्षेत्र में प्रवेश करने पर 'चंद्रयान-2' की प्रणोदन प्रणाली का इस्तेमाल अंतरिक्ष यान की गति धीमी करने में किया जाएगा, जिससे कि यह चंद्रमा की प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश कर सके। इसके बाद चंद्रमा की सतह से 100 किमी की ऊंचाई पर चंद्रमा के चारों ओर चंद्रयान-2 को पहुंचाया जाएगा। फिर लैंडर ऑर्बिटर से अलग हो जाएगा और चंद्रमा के चारों ओर 100 किमी 30 किमी की कक्षा में प्रवेश करेगा। फिर यह सात सितंबर को चंद्रमा की सतह पर उतरने की प्रक्रिया में जुट जाएगा।

PUBLIC NOTICE

My client SURESH RAJPAL S/O LATE SH. B.D. RAJPAL AND HIS WIFE RASHMI RAJPAL BOTH R/O B-60, FIRST FLOOR, PRASHANT VIHAR, DELHI has severed all their relations and debarred their son MOHIT RAJPAL, his wife RUPAL KALSI RAJPAL and his daughter TARISHKA from all their movable-immovable properties on account of their hostile behavior and out of control. My clients shall not be responsible and liable for their any kind of acts/deeds in future.

Sd/-
(SUNIL DAHIYA) Advocate
CH.No. 729 Rohini Court Delhi-85

The Indian EXPRESS Classifieds
EXPRESS EDUCATION

LAW AMBITION LAW INSTITUTE
Since: 2001
Congratulations!
Ambition is proud of you.
Aakanksha.. the topper.. FIRST RANK in first attempt ... humble background .. ordinary education .. but extraordinary Coaching & Coach at AMBITION LAW INSTITUTE, DELHI which does not claim big but performs the best.
1st UPJS 2018-19 RANK
AKANKSHA TIWARI
D/o Sh. Shiv Poojan Tiwari & Smt. Saraswati Tiwari, Gonda, U.P.
LL.B. from Mewar Law College, Ghaziabad, U.P.
TOPPERS MEET
6 Aug. | 4pm
VENUE
32-B, 3rd Floor, Karol Bagh,
Near Metro Pillar No. 122, New Delhi- 110005
011-49841810, 8800662140
ambitionlawinstitute.com

KSG
An Institute For IAS Exam...
The power of general studies at KSG
NEXT FOUNDATION BATCH
BHOPAL M.P. Nagar, ZONE II 7509975361 5th AUGUST
INDORE Bhawar Kuan 9893772941 17th AUGUST
DELHI NORTH 9717380832 19th AUGUST
DELHI CENTRAL 9811293743 2nd SEPTEMBER
SPECIAL FOCUS ON ANSWER WRITING SKILL DEVELOPMENT
www.kgsindia.com | DELHI- JAIPUR- BHOPAL- INDORE- PATNA- BENGALURU

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की पत्नी का निधन

गाजीपुर, 2 अगस्त (भाषा)।

गाजीपुर निवासी और वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के हीरो रहे परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद की पत्नी का शुक्रवार दोपहर निधन हो गया। वीर अब्दुल हमीद की पत्नी रसूलन बीबी 90 वर्ष की थीं और बीमार चल रहीं थी।

रसूलन बीबी ने शुक्रवार दोपहर अंतिम सांसे ली। उन्हें आज सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। रसूलन बीबी के पति वीर अब्दुल हमीद भारत-पाक युद्ध में तीन पाकिस्तानी टैंक तोड़कर 10 सितंबर 1965 को युद्ध क्षेत्र में शहीद हो गए थे। रसूलन बीबी के परिवार में चार पुत्र, एक पुत्री, नाती और पोते हैं।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वीर अब्दुल हमीद की पत्नी रसूलन बीबी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल पटेल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रसूलन बीबी वीर नारी थीं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का विषय है कि शहीद अब्दुल हमीद जनपद गाजीपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

रतुल पुरी की जमानत पर फैसला छह को

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

अदालत ने वीवीआइपी अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले से जुड़े धनशधोन मामले में रतुल पुरी की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी कर ली। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार की अदालत ने छह अगस्त तक के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया है। रतुल पुरी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ के भांजे हैं। फैसला आने तक पूरी को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम छूट जारी रहेगी।

इससे पहले सुनवाई के दौरान रतुल के वकील विजय अग्रवाल ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्लि ईडी के समक्ष कभी भी पेश होने को तैयार हैं। लिहाजा उनसे हिरासत में पूछताछ की कोई आवश्यकता नहीं है। पुरी ने अपनी अग्रिम जमानत अर्जी में दावा किया है कि वे जांच में सहयोग कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इन आरोपों से इनकार किया है कि कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है।

29 जुलाई को उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम राहत मिल गई।

शफाखाना चाहिए या इज्जत

फिल्म समीक्षा
रवींद्र त्रिपाठी

खानदानी शफाखाना

रेटिंग- ★★½

निर्देशक- शिल्पी दासगुप्ता

कलाकार- सोनाक्षी सिन्हा, वरुण शर्मा, कुलभूषण खरबंदा, बादशाह, नादिरा जहीर बब्बर, अन्नू कपूर

सेक्स एजुकेशन की जरूरत बतानेवाली यह फिल्म कॉमेडी है, हालांकि आखिर में यह जज्बाती हो गई है। सोनाक्षी सिन्हा ने अमृतसर की बेबी बेदी नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया है, जिसके सिर पर पूरे परिवार का बोझ है। यानी विधवा मां और बेकार भाई (वरुण शर्मा) का। बेबी बेदी मेडिकल रिप्रजेंटेटिव का काम करती है लेकिन वो धंधा भी ठीक नहीं चल रहा है। मकान चाचा के पास रेहन है, जो बार-बार घर से निकालने की धमकी देता है। अब बेबी क्या करे?

इसी बीच, खबर आती है कि उसके मामा (कुलभूषण खरबंदा) गुजर गए और अपना खानादानी शफाखाना बेबी के नाम कर गए हैं। शफाखाना, जहां उन बीमारियों का इलाज होता है, जिनको गुप्तरोग कहते हैं। जैसा कि भारतीय समाज में होता है, गुप्त बीमारियों का गुप्त तरीके से ही इलाज होता रहा है और न इलाज करनेवाले और न कराने वाले को इज्जत से देखा जाता है। इसलिए बेबी बेदी की मां (नादिरा जहीर बब्बर) इस बात के लिए तैयार नहीं है कि शफाखाने की मिल्कियत उसकी बेटी को मिले। उसे लगता है कि इससे परिवार की इज्जत मिट्टी में मिल जाएगी। लेकिन बेबी को अपने आर्थिक संकट से निकलने का कोई और रास्ता नहीं सूझता, इसलिए वो मां और रिश्तेदारों से चोरी-छिपे शफाखाने पर जाने लगती है और पुराने गुप्त रोगियों का इलाज करने लगती है। लेकिन इसका पता तो सबको चलना ही था, सो मां से लेकर दूसरे रिश्तेदार इसके बारे में जान जाते हैं। हंगामा खड़ा जाता है। बेबी 'सेक्स पर बात तो करो' का अभियान शुरू करती है तो कई लोग इसके खिलाफ हो जाते हैं। मामला अदालत तक पहुंच जाता है। अब क्या होगा? बेबी बचेगी या जेल जाएगी?

फिल्म भारतीय समाज के एक वर्जित विषय पर है। हमारे यहां सेक्स पर बातचीत करना अश्लील माना जाता है। फिल्म यौन विषयों पर चर्चा करने का संदेश देती है। वरुण शर्मा ने अपना कॉमिक चरित्र अच्छी तरह से निभाया है। इसलिए फिल्म में हंसी के फव्वारे लगातार छूटते रहते है। अदालत का सीन भी दिलचस्प है। शायद यह फिल्म सोनाक्षी सिन्हा के ठहरे हुए करिअर को एक धक्का दे दे। हालांकि कुछ जगहों पर फिल्म ढीली है और सोनाक्षी भी आखिर में कुछ निस्तेज हो गई हैं।

बादशाह बतौर कलाकार शुरू में आकर्षित करते हैं लेकिन अदालती दृश्य में कमजोर हो गए हैं। वो इसलिए कि मेकअप और गेटअप के बिना हर स्टार असरहीन हो जाता है। पर वकील की भूमिका में अन्नू कपूर अपनी छाप छोड़ गए हैं।

हॉलीवुड का एक्शन देसी अंदाज में

यह वैसे तो 'फास्ट एंड फ्यूरियस' श्रृंखला की फिल्म नहीं है लेकिन मार्केटिंग के लिहाज से इस तरह परोसी गई है कि दर्शकों को लगे कि इसका रिश्ता उसी से है। ये कॉमेडी-एक्शन तरह की फिल्म है, जो दो चरित्रों ल्यूक हॉब्स (ड्वेन जॉनसन) और डेकर्ड शॉ (जेसन स्टेथम) पर केंद्रित है। दोनों वैसे तो छंटे हुए हैं और एक दूसरे को नापसंद भी करते हैं। लेकिन हालात ऐसे बनते हैं कि दोनों ब्रिटिश और अमेरिकी खुफिया एजंसियों के लिए काम करने के लिए बाध्य हो जाते हैं। इसी वजह से दोनों एक ऐसे मिशन पर साथ-साथ काम करने के इकट्ठे हुए हैं, जो एक ऐसे अनाम पर ताकतवर समूह के खिलाफ है, जो दुनिया में वायरस फैलाकर तबाही मचाना चाहता है। इस समूह का चेहरा है ब्रिक्सटन (इद्रिस एल्बा), जो कंप्यूटर जेनरेटड सिस्टम है पर आदमी की तरह हरकत करता है। वानेशा किर्बी ने हैटी नाम का जो किरदार निभाया है, जो शॉ की बहन है और जिसके शरीर में वायरस प्रवेश कर गया है।

फास्ट एंड फ्यूरियस प्रेजेंट्स : हॉब्स एंड शॉ

रेटिंग- ★★½

निर्देशक- डेविड लीच

कलाकार- ड्वेन जॉनसन, जेसन स्टेथम, इद्रिस एल्बा, वानेशा किर्बी

फिल्म में दो तरह के संसार हैं। एक तो वह उत्तर आधुनिक दुनिया है, जिसमें मीडिया से लेकर विज्ञान पर उन ताकतों का कब्जा है जो दुनिया पर नियंत्रण चाहते हैं। इसीलिए हॉब्स और शॉ को मीडिया आतंकवादी घोषित कर देता है। हालांकि दोनों दुनिया की भलाई के लिए काम कर रहे हैं।

फिल्म के आखिरी हिस्से में हॉब्स और शॉ इस अदृश्य ताकत और ब्रिक्सटन से जिस तरह की लड़ाई लड़ते हैं, उनमें भाले और लाठियां जैसे पारंपरिक हथियार का प्रयोग हुआ है। विचित्र किंतु सत्य की तरह हॉब्स तो उड़ते हुए हेलिकॉप्टर को हाथ से पकड़ कर नीचे गिरा देता है। इस तरह एक्शन सिक्वेंस अविश्वसनीय पर रोचक हैं। वैसे तो ये हॉलीवुड की फिल्म है लेकिन डबिंग में इसमें जिस तरह की हिंदी का इस्तेमाल हुआ है वो कुछ-कुछ ठेठ मुंबइया है और कुछ-कुछ देसी। इसलिए हिंदी के दर्शकों को फिल्म अजनबी नहीं लगेगी।

22 से 26 अगस्त तक चलेगा विधानसभा का मानसून सत्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र चार दिन तक चलेगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस सत्र को मंजूरी दी गई। विधानसभा का मानसून सत्र 22 अगस्त से 26 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में कई मामलों पर गंभीर चर्चा होगी क्योंकि भाजपा पहले ही दिल्ली सरकार को विभिन्न योजनाओं में घोटाले के नाम पर घेर रही है। हाल ही में स्कूल निर्माण घोटाले के मामले में भी भाजपा ने जांच एजंसियों के पास शिकायत दर्ज कराई है। इसके अतिरिक्त दिल्ली सरकार को बिजली योजना पर भी घेरा जा सकता है।

भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्च शिक्षा विभाग
तकनीकी अनुभाग-I

आईआईआईटी (पीपीपी) कल्याणी, पश्चिम बंगाल के निदेशक की नियुक्ति

सार्वजनिक-निजी-साझेदारी प्रारूप में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी-पीपीपी), कल्याणी के निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. अकादमी के साथ ही साथ प्रशासनिक प्रधान के रूप में एक आईआईआईटी का निदेशक, जिनके पास प्रमाणिक प्रशासनिक, शिक्षण तथा अनुसंधान का पृष्ठभूमि (साथ में पीएच. डी स्तर पर अनुसंधान संबंधी दिशानिर्देश में महत्वपूर्ण अनुभव होना चाहिए) साथ में राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान की अगुवाई करने की नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए। उम्मीदवार को समुचित शाखा में पीएच. डी किया होना चाहिए साथ में सम्पूर्ण अध्ययन अवधि के दौरान उत्कृष्ट अकादमी रिकार्ड होनी चाहिए एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में एक प्रोफेसर के रूप में कम से कम 7 वर्षों (एक अति उत्कृष्ट उम्मीदवार के मामले में जरूरत नहीं) का अनुभव होना चाहिए। आवेदक की उम्र 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस पद के लिए 7वें सीपीसी के अनुसार वेतन के रूप में प्रतिमाह रु. 2,10,000/- (एक मुश्त) साथ में रु. 11,250/- के विशेष भत्ते के साथ संस्थान के नियमों के अधीन देय भत्ते की रकम प्रदान किया जाएगा।
2. विज्ञापन का विवरण वेबसाइट (www.mhrd.gov.in) पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट पर उपलब्ध पर प्रारूप में विस्तृत विवरण प्रदान कर आवेदन कर सकते हैं। संलग्निकाओं के साथ आवेदन पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा **अंडर सेक्रेटरी, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कमरा नं. 203, सी विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001** के पास इस तरह भेजा जाना चाहिए कि वह इस विज्ञापन की तारीख से 30 दिनों के अंदर उनके पास पहुंच जाए।

Nestlé Good Food, Good Life

NESTLÉ INDIA LIMITED
EXTRACT OF STATEMENT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED 30 JUNE 2019

(₹ in million)

THREE MONTHS ENDED (Un-audited)				PARTICULARS	SIX MONTHS ENDED (Un-audited)		Accounting Year ended (Audited)
30.06.2019	31.03.2019	30.06.2018			30.06.2019	30.06.2018	31.12.2018
30,008.5	30,029.5	26,984.0	1	TOTAL REVENUE FROM OPERATIONS	60,038.0	54,556.4	112,922.7
6,591.5	7,013.3	5,953.1	2	NET PROFIT BEFORE EXCEPTIONAL ITEMS AND TAX	13,604.8	12,349.9	24,289.5
6,591.5	7,013.3	5,953.1	3	NET PROFIT BEFORE TAX	13,604.8	12,349.9	24,289.5
4,378.4	4,632.8	3,950.3	4	NET PROFIT AFTER TAX	9,011.2	8,190.6	16,069.3
4,255.8	4,533.7	3,883.7	5	TOTAL COMPREHENSIVE INCOME (COMPRISING NET PROFIT AFTER TAX AND OTHER COMPREHENSIVE INCOME AFTER TAX)	8,789.5	7,942.5	15,665.2
964.2	964.2	964.2	6	PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL (FACE VALUE – ₹10 PER SHARE)	964.2	964.2	964.2
45.41	48.05	40.97	7	EARNINGS PER SHARE (EPS) BASIC/ DILUTED EPS (₹)	93.46	84.95	166.67

The above is an extract of the detailed format of quarterly results filed with the BSE Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of the Unaudited Financial Results are available on the Company's website (www.nestle.in) and on the website of the BSE Limited (www.bseindia.com).

Notes:

1. The Board of Directors have declared interim dividend comprising:
   a) ₹23 per equity share (Face value ₹10/- per equity share) for 2019 amounting to ₹2,217.6 million out of current year profits, which is in addition to the interim dividend of ₹23 per equity share paid on 15 May 2019; and
   b) A special interim dividend of ₹180 per equity share (Face value ₹10/- per equity share) out of the accumulated profits of previous years (surplus in the profit and loss account).

The total amount of ₹203 per equity share will be paid on and from 23 August 2019.

THE ABOVE RESULTS AND THIS RELEASE HAVE BEEN REVIEWED BY THE AUDIT COMMITTEE OF THE BOARD AND APPROVED BY THE BOARD OF DIRECTORS AT THEIR MEETING HELD ON 2 AUGUST 2019.

By Order of the Board

Suresh Narayanan
Chairman and Managing Director

Date: 2 August 2019
Place: Gurugram

Committed to a Healthier Future

Head Office: Nestlé House, Jacaranda Marg, M Block, DLF City Phase – II, Gurugram 122 002 (Haryana). Registered Office: 100 / 101, World Trade Centre, Barakhamba Lane, New Delhi – 110 001
Corporate Identity Number: L15202DL1959PLC003786, Email ID: investor@in.nestle.com, Website: www.nestle.in, Phone: 011-23418891, Fax: 011-23415130

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	34.6 डि.से.	34.6 डि.से.	33.3 डि.से.	34.0 डि.से.
न्यूनतम	28.3 डि.से.	28.3 डि.से.	28.3 डि.से.	28.2 डि.से.

हड़ताल का गंभीर असर, मरीज को लिए भटकते दिखे परिजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली , 2 अगस्त।

आयुर्विज्ञान आयोग के प्रावधानों के खिलाफ चिकित्सकों की हड़ताल का व्यापक असर पड़ा है। अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं भी ठप होने से दूरदराज से आए मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ी। कुछ अस्पतालों में वरिष्ठ चिकित्सकों ने मोर्चा संभाला लेकिन मरीजों की संख्या के आगे उनका प्रयास सफल नहीं रहा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने डॉक्टरों से मिलकर हड़ताल खत्म करने की अपील की है लेकिन चिकित्सक विधेयक में बिना जरूरी उपाय या बदलाव के इसे लागू करने के पक्ष में नहीं है। इस बारे में विभिन्न चिकित्सा संगठनों के बीच विचार विमर्श व बैठकों का दौर जारी रहा।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के तमाम प्रावधानों को गरीब, छात्र व आम जन विरोधी करार देते हुए चिकित्सकों की हड़ताल दूसरे दिन भी कायम रही।

इसका दूसरे दिन भी व्यापक असर दिखाई पड़ा। रेजीडेंट डाक्टरों ने देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को राजधानी के विभन्न अस्पतालों की इमरजेंसी सेवाएं भी ठप रहीं। एम्स सहित कुछ जगहों पर मरीजों को देखने के लिए इमरजेंसी में वरिष्ठ चिकित्सकों की 24सों घंटे की ड्यूटी लगाई थी। लेकिन इमरजेंसी में सभी मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पाया। बिहार के पटना जिला से आए परिजन सुनील ने बताया कि उनके बच्चे को पेट में दिक्कत है। पटना में बहुत इलाज कराया पर फायदा नहीं हुआ। पटना के डॉक्टरों ने कहा कि लीवर बढ़ा है दिल्ली में इलाज कराओ। वे छोटे से बच्चे समीर को लिए लोक नायक अस्पताल पहुंचे। तो यहां इमरजेंसी में भी डॉक्टर नहीं मिले। यहां सुरक्षा कर्मियों ने कहा कि एम्स जाओ। किसी तरह एम्स पहुंचे तो यहां कहा गया कि सफदरजंग जाओ। एक अस्पताल से दूसरे चक्कर ही काटते हुए उन्हें लगातार डर लगता रहा कि कही बच्चे को कुछ ना हो जाए। लोक नायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील गुप्ता ने कहा कि यहां रोजाना करीब आठ नौ हजार मरीज आते हैं और करीब सात से नौ सौ मरीज इमरजेंसी वार्ड में आते हैं। हमने वैकल्पिक इंतजाम तो कर रखा है लेकिन वह केवल पुराने मरीजों व वार्ड में पहले से भर्ती मरीजों को ही देख पा रहे हैं। एम्स में इलाज के लिए भटकते एक तीमारदार रोशन ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश से आए हैं। उनके भाई को कंधे की नस फट गई है। हाथ काम नहीं कर रहा। लेकिन एम्स में कई दिन भटकने के बाद भी न्यूरोलाजी के डॉक्टरों को दिखाने का समय नहीं मिल पा रहा है। दो दिन से सुबह से लाइन में भी लग रहे हैं लेकिन हड़लात के कारण नए मरीजों का पंजीकरण नहीं हो रहा। इमरजेंसी में गए तो चिकित्सकों ने कहा कि यह ओपीडी में दिखाने का मामला है।

हर्षवर्धन की डॉक्टरों को मनाने की अपील रही बेअसर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने एम्स और आरएमएल अस्पताल व फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने विरोध कर रहे डॉक्टरों को मनाने की अपील की लेकिन यह अपील बेअसर रही। आंदोलनकारी डॉक्टर मनु गौतम (अध्यक्ष युनाइटेड आरडीए) चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को नियमित करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह विधेयक नीमहकीमों को बढ़ावा देगा और यह 'गरीब विरोधी, छात्र विरोधी व अलोकतांत्रिक है। मनु गौतम ने कहा कि जब सरकार दिल्ली में निगरानी नहीं कर पाती और घड़ल्ले से नकली दवाओं व झोलाछाप डॉक्टरों का गोरखधंधा चलता है लेकिन उन पर शिकंजा नही कसा जा सका है तो क्या देश भर में लाइसेंस पाकर गलत काम करने वालों को रोका जा सकेगा? सरकार इस विधेयक को मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधारों में से एक बता रही है। इस विधेयक के पारित होने के बाद राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नामक एक नई संस्था भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे 'मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया' की जगह लेगी। हर्षवर्धन ने डॉक्टरों से अपनी हड़ताल वापस लेने की अपील की।

मुलाकात के बाद डॉक्टरों के बने दो गुट

डॉ हर्षवर्धन से मुलाकात के बाद आंदोलनकारी डॉक्टरों के दो गुट बन गए हैं। कुछ डॉक्टरों को यह लग रहा है कि मंत्री पर यकीन करके हड़ताल खत्म कर दी जाए जबकि ज्यादातर डॉक्टरों का मानना है कि सरकार इस विधेयक के जरिए निजी मेडिकल कॉलेजों व झोलाछाप डॉक्टरों को फायदा देने जा रही है इसलिए इसका विरोध जारी रहेगा।

कपिल मिश्रा की विधानसभा सदस्यता खत्म

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

आम आदमी पार्टी (आप) के बागी विधायक कपिल मिश्रा की सदस्यता विधानसभा ने खत्म कर दी है। शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने यह फैसला सुनाया। कपिल मिश्रा पर आरोप था कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रचार अभियान चलाया था और 'आप' की खिलाफत की थी। इस मामले में विधानसभा के पास 'आप' विधायक सौरभ भारद्वाज ने शिकायत दर्ज कराई थी।

विधानसभा अध्यक्ष ने एक जनवरी 2019 से विधायक कपिल मिश्रा की सदस्यता को खारिज कर दिया है। इस बाबत जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि इस निर्णय के बाद करावल नगर विधानसभा सीट खाली हो गई है। संविधान की दसवीं अनुसूचि के पैरा 2 (1)(ए) के तहत जारी किए गए हैं। इन आदेशों को विधानसभा के सचिव सी. वैलमुर्गन ने जारी किए हैं। इस पूरे मामले में अध्यक्ष ने एक 27 पृष्ठों का लम्बा आदेश जारी किया है। इस आदेशों में सदस्यता खत्म करने के आधारों को गिनाया गया है। आदेशों में बताया गया है कि भाजपा ने 27 जनवरी 2019 को एक मुहिम शुरू की थी।

सौ बार विधायक की कुर्सी कुर्बान

विधायक कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए अभियान चलाने के लिए एक बार क्या सौ बार विधायक की कुर्सी कुर्बान है। अभी सातों लोकसभा चुनाव में अभियान चलाया था और अब आगामी विधानसभा चुनाव में भी वे ऐसा ही अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि इन आदेशों के लिए विधानसभा के नियमों का मजाक उड़ाया गया है और कानून प्रक्रिया व नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है।

रवीश कुमार को रमन मैगसायसाय पुरस्कार

मनीला, 2 अगस्त (भाषा)।

वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार को इस साल के रमन मैगसायसाय पुरस्कार के लिए चुना गया है।

रमन मैगसायसाय पुरस्कार फाउंडेशन ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। वे एनडीटीवी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी संपादक हैं। उनका नाम उन पांच व्यक्तियों में शामिल हैं, जिन्हें इस पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है।

बिहार के जितवारपुर गांव में जन्मे कुमार 1996 में न्यू दिल्ली टेलीविजन नेटवर्क (एनडीटीवी) से जुड़े थे और उन्होंने करियर की शुरुआत रिपोर्टर के तौर पर की थी। एनडीटीवी के 24 घंटे वाले हिंदी भाषी समाचार चैनल 'एनडीटीवी इंडिया' शुरू होने के बाद उन्हें उनका रोजाना का शो 'प्राइम टाइम' दिया गया।

छात्रा से बलात्कार के जुर्म में शिक्षक को 20 साल की कैद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त ।

दिल्ली की एक अदालत ने 29 साल के एक शिक्षक को अपनी छात्रा से बार-बार बलात्कार करने के जुर्म में 20 साल जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि यह अपने आप में गंभीर अपराध है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार ने कहा कि उसकी (छात्रा की) रक्षा और देखभाल करने के अपने कर्तव्य को पूरा करने के बजाय दोषी रोहन कुमार ने विपरीत कुकृत्य किया। अदालत ने कुमार को 2017 में छात्रा के साथ बार-बार बलात्कार करने, उसे डराने-धमकाने, उसकी गरिमा का हनन करने के इरादे से उत्पीड़न करने और जानबूझकर उसे नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

अदालत ने कुमार पर 52,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया और दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण को छात्रा को छह लाख रुपए का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार कुमार छात्रा को छठी कक्षा से ही उसके घर जाकर पढ़ाता था। 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद उसने उससे पढ़ना बंद कर दिया लेकिन कॉलेज में प्रथम वर्ष के दौरान उसके माता-पिता ने एक बार फिर उसे बेटी को पढ़ाने का अनुरोध किया। वह छात्रा को तभी पढ़ाने आया करता जब उसके माता-पिता घर पर नहीं होते थे और इस दौरान वह उसके साथ बलात्कार करता था। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने उसकी तस्वीरें भी खीचीं थीं और इसका खुलासा करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी थी।

खबरों में शहर

जल बोर्ड की वेबसाइट ठप : विजेंद्र गुप्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

कॉलोनियों में पानी टैंकर से कब और कहां पहुंचेगा, इसकी जानकारी आम जनता को नहीं मिल पा रही है। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जल बोर्ड की वेबसाइट ठप पड़ी है। इस वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार टैंकर माफिया पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। इस वजह से कच्ची कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति समय से नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि जल बोर्ड के 900 और अवैध तौर पर करीब 2 हजार टैंकर पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री टैंकर माफिया को रोकने में नाकाम रहे हैं। बोर्ड ने इन टैंकर की निगरानी के लिए जीपीएस मॉनीटरिंग सिस्टम लागू करने का वादा किया था जो कि झूठा साबित हुआ।

ट्रक चालक ने एक शख्स को कुचला, मौके पर मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

आजादपुर फल मंडी के गेट पर बीती देर रात ट्रक चालक ने एक शख्स को कुचल दिया। हादसे में 55 साल के मूलचंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना गुरुवार देर रात करीब 12 बजे पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि मूलचंद खून से लथपथ हालत में पड़ा है। पुलिस उसे पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल महेंद्र पार्क थाना पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

सड़क हादसे में युवक की मौत, एक का पैर कटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

नंद नगरी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में विकास (32) की मौत हो गई, जबकि हादसे में दीपक (32) घायल हो गया। इस हादसे में दीपक का दहिना पैर डॉक्टरों को काटना पड़ा है। घटना के समय दोनों घर लौट रहे थे। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है ओर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

नए चेहरों की तलाश में भाजपा ने चलाया अभियान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा ने नए कार्यकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी है। नए चेहरों को पार्टी से जोड़ने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में नए सदस्य बनाने का अभियान चलाया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेताओं से लेकर प्रदेश स्तर के नेता उतरे। इन नेताओं ने 'आप' व कांग्रेस पर जमकर हमले किए और अब तक ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा के लिए इन पार्टियों पर निशाना साधा। इस अभियान को सीधे विधानसभा चुनाव की कड़ी माना जा रहा है।

झारखंड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मा०) मुख्य अभियंता का कार्यालय 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची

ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 69/2019-20/RDD(RWA)/GARHWA दिनांक : 01.08.2019

मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०), झारखंड, रांची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आइडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की तिथि
			अंक में	अक्षर में	
1.	RDD(RWA)/ GARHWA/08/ 2019-20	ठेका पथ से सरकोनी होते हुए भारगुहान तक पथ निर्माण कार्य (ल- 3.000 कि०मी०)	2,07,63,200.00	दो करोड़ सात लाख तिरसठ हजार दो सौ रु० मात्र	12 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 13.08.2019
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– 23.08.2019 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि– 26.08.2019 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.08.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०), झारखंड, रांची, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, रांची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा० का० मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युरमेन्ट सेल

PR 213424 (Rural Work Department)19-20#D बूंद – बूंद नहीं बरसेंगे तो बूंद को तरसेंगे

झारखंड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०)
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची

ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 36/RI/2019-20/RDD(RWA)/SIMDEGA दिनांक: 02.08.2019

मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०), झारखंड, रांची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आइडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की तिथि	टेन्डर कॉल नं०
			अंक में	अक्षर में		
1.	RDD(RWA)/ SIMDEGA/04/ 2019-20	दुर्गाबेल से कुरका तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई– 6.000 कि०मी०)	1,20,05,731.00	एक करोड़ बीस लाख पाँच हजार सात सौ इकतीस रु० मात्र	00 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 08.08.2019
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.08.2019 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि– 19.08.2019 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 20.08.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा० का० मामले), झारखंड, रांची, 102 द्वितीय तल्ला अभियंत्रण भवन, रांची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा० का० मामले), कार्य प्रमंडल, सिमडेगा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युरमेन्ट सेल

PR 213509 (Rural Work Department)19-20*D जिसे अचानक ना समझे, जो कहानी हूँ मैं, मुझे बयाँ मत करो पानी हूँ मैं।

झारखंड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०)
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या- 75/2019-20/RDD(RWA)/RANCHI दिनांक :- 02.08.2019

मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०), झारखंड, रांची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)		कार्य समाप्ति की तिथि
			अंक में	अक्षर में	
1.	RDD(RWA)/ RANCHI/11/ 2019-20	सोना व्यापार मण्डल से गिलाकाई नाला गणेशपुर सैलानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल- 9.650 कि०मी०)	3,47,83,100.00	तीन करोड़ सैंतालीस लाख तेरासी हजार एक सौ रु० मात्र	15 माह
2.	RDD(RWA)/ RANCHI/12/ 2019-20	रिंग रोड छोटा चुटटू से कमटोला नया रेपको तक पथ निर्माण कार्य (ल- 2.600 कि०मी०)	1,68,27,400.00	एक करोड़ अड़सठ लाख सत्ताईस हजार चार सौ रु० मात्र	12 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 14.08.2019
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.08.2019 अपराह्न 5.00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि:– 27.08.2019 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 28.08.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा० का० मामले), झारखंड, रांची, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, रांची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा० का० मामले), कार्य प्रमंडल, रांची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

बूंद – बूंद नहीं बरसेंगे तो बूंद को तरसेंगे

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युरमेन्ट सेल

PR213477 (Rural Work Department)19-20*D

नाबालिग पर किशोर दोस्त को गोली मारने का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

शकरपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग ने अपने नाबालिग दोस्त की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। मृतक की पहचान 16 साल के अजय के रूप में हुई है। सूचना मिलने मौके पर पहुंची पुलिस को छानबीन के दौरान पता चला कि गोली कट्टा से मारी गई थी। पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद दो अन्य नाबालिगों से पूछताछ की जा रही है। अजय को जिस वक्त गोली मारी गई थी उस समय अजय समेत तीन नाबालिग दोस्त मौके पर थे। फिलहाल पुलिस ने गोली चलाने वाले नाबालिग को पकड़ लिया है और कट्टा भी जब्त कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक अजय मूलरूप से बिहार का रहने वाला था। इन दिनों वह मंडावली में ही रहता था। वह लोगों के घरों में साफ-सफाई का काम करता था। तीनों इलाके में एक किराए के मकान में रहते थे। बताया जा रहा है कि सुबह नौ बजे वह इलाके के एक शोरूम में बैठ कर बातें कर रहे थे, तभी उन्हें एक कट्टा मिला। माना जा रहा है कि यह कट्टा शोरूम के मालिक का हो सकता है। कट्टा देखने के क्रम में गोली चल गई होगी और गोली अजय को जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर शोरूम का मालिक बाहर निकला और वारदात की जानकारी पुलिस को दी।

घरेलू सहायक के रूप में काम करता था अजय

शकरपुर थाना पुलिस ने आरोपी नाबालिग को पकड़ा

मौके पर पहुंची पुलिस टीम अजय को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में रखवा दिया है और वारदात की जानकारी बिहार में रहने वाले अजय के परिजनों को दे दी है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल पकड़े गए दोनों नाबालिगों से पूछताछ कर मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

महाराष्ट्र के प्याज और टमाटर आने के बाद गिरेंगे दाम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

टमाटर व प्याज के दामों में अगले 15 दिन तक राहत के कोई संकेत नहीं। अगस्त से तीसरे सप्ताह के बाद इनके दामों में राहत मिलेगी। इस समय तक दिल्ली में महाराष्ट्र व नासिक से टमाटर-प्याज की आवक होगी, जिसके बाद दामों में गिरावट देखी जा सकेगी। शुक्रवार को खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन की समीक्षा बैठक में यह रिपोर्ट सामने आई है।

बारिश शुरू होने के बाद से ही दिल्ली में टमाटर-प्याज के दाम बढ़े हुए है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बीते सप्ताह की तुलना में टमाटर के दाम में मामूली गिरावट देखी गई है। नासिक व महाराष्ट्र से इन सब्जियों की आवक बढ़ने पर दामों को नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं प्याज के दामों में हुई बढ़ोत्तरी को भी खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने सामान्य बताया है। संबंधित मंत्री ने खाद्य आपूर्ति विभाग को आदेश दिए हैं कि टमाटर व प्याज की जमाखोरी करने वाली दुकानों की कड़ी निगरानी की जाए। अगर कहीं भी गड़बड़ी पाई जाती है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यवाही होने की स्थिति में स्टॉक में जानबूझकर रोका गया माल बाजार में जनता के लिए उपलब्ध होगा और इससे भी दामों को नियंत्रित करने में मदद हासिल होगी।

युवकों पर इंस्पेक्टर को पीटने का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

बुराड़ी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी में कार्यरत एक इंस्पेक्टर को मोटरसाइकिल सवार युवकों ने जमकर पीटा। इंस्पेक्टर ने मोटरसाइकिल चला रहे युवक को सड़क पर सही से वाहन चलाने की सलाह दी थी, जिससे नाराज होकर युवकों ने इंस्पेक्टर अशोक त्यागी की पिटाई की थी। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अशोक त्यागी इन दिनों बुराड़ी अथॉरिटी में बतौर इंस्पेक्टर तैनात हैं। वह गुरुवार शाम अथॉरिटी से घर जा रहे थे। इसी दौरान बुराड़ी में नाला रोड पर मोटरसाइकिल सवार ने उनकी मोटरसाइकिल के सामने अपना वाहन अड़ा दिया। ऐसा करने पर उन्होंने युवक से वाहन सही से चलाने की सलाह दी। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बाद में सभी ने लात-घूसों से अशोक त्यागी की जमकर पिटाई की और मौके से फरार हो गए। इसी बीच किसी ने मारपीट की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल अशोक त्यागी के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है।

बैंक प्रबंधक ने छह मंजिला इमारत से कूद कर दी जान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

आरकेपुरम थाना क्षेत्र के भीकाजी कामा प्लेस में एक बैंक के प्रबंधक ने छह मंजिल इमारत की छत से कूद कर जान दे दी। घटना की जानकारी गुरुवार दोपहर पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल हालत में प्रबंधक को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभिजीत के तौर पर हुई है। वह विजया बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि प्रबंधक कुछ दिनों से तनाव में थे। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

शुरुआती छानबीन में पुलिस को पता चला कि तनाव में थे प्रबंधक

पुलिस के मुताबिक अभिजीत परिवार के साथ जनकपुरी में रहते थे। वह विजया बैंक के भीकाजी कामा प्लेस में स्थित शाखा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। वह गुरुवार को हर दिन की तरह समय पर अपने दफ्तर पहुंचे थे। दोपहर के समय लंच के दौरान करीब दो बजे वह अपने मोबाइल पर किसी से बात करते हुए छह मंजिले इमारत की छत पर चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बात करने के दौरान ही उन्होंने अचानक छत से नीचे छलांग लगा दी। छत से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर काफी खून फैल गया। इधर इसकी सूचना मिलते ही बैंक के कर्मचारियों के साथ ही आसपास के दफ्तरों में काम करने वाले लोग मौके पर जुटे। इसी दौरान किसी ने पुलिस को जानकारी दे दी।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

इंडिया हैबिटाट सेंटर : पुस्तक पर चर्चा, गुलमोहर सभागार, इंडिया हैबिटाट सेंटर, लोदी रोड, शाम सात बजे।

प्रदर्शनी

आइफैक्स : सुरज घई की कला प्रदर्शनी, ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी गैलरी, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से 8 अगस्त तक।

इंडिया हैबिटाट सेंटर : फिल्म, स्टेन, इंडिया हैबिटाट सेंटर, लोदी रोड, शाम सात बजे।

METAL COATINGS (INDIA) LIMITED
CIN: L74899DL1994PLC063387
Registered office: 912, Hemkunt Chambers, 89, Nehru Place, New Delhi - 110 019
Website: www.mcil.net, Email: info@mcilindia.net
Tel: 011-41808125

NOTICE

Pursuant to Regulation 29, read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Monday, 12th August, 2019 at 3:00 p.m.** at the Registered Office of the company, to, inter alia, consider, approve and take on record the Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter ended **30th June, 2019.**

The said notice may be accessed on the Company's website at www.mcil.net and may also be accessed on the website of the stock exchange at www.bseindia.com

For Metal Coatings (India) Limited
Sd/-
Piyush Jain
Company Secretary & Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: 02.08.2019

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्र.का. आई टी विभाग
[illegible]

निविदा सूचना

"सुरक्षा समाधान और सेवाओं की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव" के लिए सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की गई है। विशेष विवरण तथा संबंधित जानकारी के लिए, आरएफपी बैंक की वेबसाइट **www.psbindia.com** से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके साथ ही निविदा से संबंधित कोई भी परिवर्तन बैंक की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जायेगा।

सहायक महाप्रबंधक–आईटी

DR. FRESH ASSETS LTD
CIN- L74899DL1990PLC042302
Regd. Off. : B-1/E-24, Mohan Co-operative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110 044

NOTICE

Notice is hereby given that under Regulation 29 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday, 14th August, 2019 inter alia to approve and take on record the Un-Audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2019.

For **Dr Fresh Assets Ltd.**
Sd/-
Vijay Prakash Pathak
Whole Time Director
DIN: 07081958

Date : 01.08.2019
Place : Delhi

जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड

CIN: L45203UP2007PLC033119
पंजीकृत पता : सेक्टर 128, नोएडा–201304, उत्तर प्रदेश
दिल्ली कार्यालय : 'जेए हाउस', 63, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली–110067
दूरभाष : +91(120) 4609000, फैक्स : +91 (120) 4609464 **वेबसाइट :** www.jaypeeinfratech.com
ई–मेल : jpinfratech.investor@jalindia.co.in

शेयरधारकों के लिए सूचना

कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 124 (6) के प्रावधानों के साथ पठित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण एवं वापसी) विनियम, 2016, यथा संशोधित, ('विनियम') के अनुसार कम्पनी के लिए यह आवश्यक है कि सभी शेयर जिनके पिछले लगातार सात वर्षों के लाभांशों का भुगतान या दावा नहीं किया गया केंद्र सरकार द्वारा गठित आईईपीएफ डीमैट खाते में अंतरित कर दें।

तदनुसार उपरोक्त के अनुपालन में कम्पनी बार–बार शेयरधारकों को कम्पनी की वेबसाइट पर दावारहित लाभांशों के बारे में विवरण उपलब्ध होने की सूचना देती रही है और दावारहित लाभांशों के लिए आवश्यक दस्तावेज़ के साथ अविलंब आवदेन करने का आग्रह करती रही है क्योंकि अब यदि कथित लाभांश और बाकी बचे सभी लाभांशों के दावे नहीं किए गए हैं और बिना दावे के पड़े हैं, तो कम्पनी को आईईपीएफ में दावारहित लाभांश अंतरित करने के समय उससे संबंधित शेयर भी अंतरित करने होंगे जिसके लिए नियत तिथियों का उल्लेख नीचे तालिका में लाभांश के सामने किया गया है। कम्पनी की 10वीं एवं 11वीं एजीएम की सूचनाओं में भी सभी शेयरधारकों को एक विवरण नोट के साथ यह सूचित किया गया, व्यक्तिगत पत्रों के माध्यम से उन सभी अंशधारकों को सूचित किया गया, जिनका नाम नीचे दी गई तालिका के किसी भी लाभांश की सूची में आ रहा है। यह पत्र आरटीए के रिकॉर्ड में दर्ज उनके सबसे हाल के पते पर भेजे गए हैं तथा नवंबर 2017, मार्च 2019 में समाचार पत्रों में प्रकाशित तथा इस प्रकाशित सूचना के माध्यम से भी जानकारी दी गई। कृपया ध्यान रखें कि दावे अविलंब प्रस्तुत करने हैं और प्रत्येक लाभांश के समक्ष दर्ज उल्लिखित तिथियों से कम से कम 15 दिन पूर्व प्रस्तुत करने होंगे। यह सूचना निम्नलिखित सभी लाभांशों के संबंध में उपरोक्त धारा और विनियमों के अनुसार दी जा रही है और इसके बाद लाभांश और संबधित शेयर आईईपीएफ में अंतरित करने से पहले कोई सूचना देना कम्पनी के लिए केवल एक विकल्प होगा और अनिवार्य नहीं होगा। आप से पुनः आग्रह है कि नीचे दिए लिंक पर अपलोड फाइलों से अपने विवरण ढूंढ़ लें और यह देख लें कि क्या इन सूचियों में बतौर ऐसे शेयरधारक आपका नाम दर्ज है जिनके लाभांश और शेयर आईईपीएफ डीमैट खाते में अंतरित किए जाने के लिए बद्ध हैं। ये सूचियां www.jaypeeinfratech.com पर उपलब्ध हैं।

लाभांश	आईईपीएफ में अंतरण की नियत तिथि
अंतिम लाभांश 2011–12	02.11.2019
अंतरिम लाभांश 2012–13	03.09.2020

संबंधित शेयरधारक जिनके शेयर भौतिक रूप में हैं और जिनके शेयर आईईपीएफ डीमैट खाते में अंतरित होने हैं कृपया ध्यान रखें कि कम्पनी कथित विनियम के नियम 63 (3) (डी) तहत शेयरों के आईईपीएफ डीमैट खाते में अंतरण के उद्देश्य से मूल शेयर सर्टिफिकेट के बदले नए शेयर सर्टिफिकेट जारी करेगी और इसके बाद शेयरधारक के नाम पंजीकृत मूल शेयर सर्टिफिकेट अपने–आप रद्द हो जाएंगे और उन्हें लेन–देन के लिए अयोग्य माना जाएगा। यदि शेयर डीमैट रूप में हैं तो नियमानुसार डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से सीधे आईईपीएफ खाते में अंतरित कर दिए जाएंगे। शेयरधारक यह भी ध्यान रखें कि नियमानुसार शेयरों के डीमैट खाते में अंतरण के उद्देश्य से कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए ववरणों को नए शेयर सर्टिफिकेट जारी करने के संबंध में कम्पनी की ओर से पर्याप्त सूचना (उपरोक्त सभी लाभांशों के लिए) मानी जाएगी।

शेयरधारक कृपया यह भी ध्यान रखें कि दावा नहीं किए गए लाभांश और आईईपीएफ/आईईपीएफ डीमैट खाते में अंतरित शेयर ऐसे शेयरों पर एकत्र सभी लाभ (यदि कोई हो) समेत आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए www.iepf.gov.in पर उपलब्ध फॉर्म आईईपीएफ 5 में ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

उपरोक्त के संबंध में कोई संशय दूर करने के लिए शेयरधारक कृपया कम्पनी या कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड, कम्पनी के रजिस्ट्रार और ट्रांस्फर एजेंट, कार्वी सेलेनियम, टावर बी, प्लॉट 31–32, गाछीबावली, फाइनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद–500 032; फैक्स सं. 040-23001153, टोल फ्री नंबर: 1800-4258-998, Email:einward.ris@karvy.com. से संपर्क करें।

कृते **जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड**
(सुरेन्द्र कुमार माटा)
अतिरिक्त महाप्रबंधक (सेक्ट.) एवं कम्पनी सचिव
(सदस्यता सं. ए–7762)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 01.08.2019

ICRA

ICRA Limited

Corporate Identity Number (CIN): L74999DL1991PLC042749
Registered Office: 1105, Kailash Building, 11th Floor, 26, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110 001
Telephone No.:+91-11-23357940-45; **Website:** www.icra.in; **Email ID:** investors@icraindia.com

EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2019

(₹ in lakh)

S. No.	Particulars	Quarter ended June 30, 2019 (Unaudited)	Year ended March 31, 2019 (Audited)	Quarter ended June 30, 2018 (Unaudited)
1	Total income from operations	5,137.73	23,013.83	5,652.96
2	Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	2,335.89	13,106.67	3,150.99
3	Net profit/(loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	2,335.89	13,106.67	3,150.99
4	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,491.10	9,597.30	2,276.46
5	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and Other comprehensive income (after tax)]	1,480.81	9,574.19	2,272.45
6	Equity share capital	965.12	965.12	990.33
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		53,859.47	
8	Earnings per share (of ₹ 10/- each)			
	Basic:	15.50	98.36	23.08
	Diluted:	15.50	98.32	23.06

EXTRACT OF CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2019

(₹ in lakh)

S. No.	Particulars	Quarter ended June 30, 2019 (Unaudited)	Year ended March 31, 2019 (Audited)	Quarter ended June 30, 2018 (Unaudited)
1	Total income from operations	7,703.63	32,806.00	7,866.59
2	Net profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	3,144.98	15,203.81	3,711.73
3	Net profit/(loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	3,144.98	15,203.81	3,711.73
4	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	2,035.29	10,458.26	2,537.91
5	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and Other comprehensive income (after tax)]	2,024.09	10,414.94	2,537.72
6	Equity share capital	965.12	965.12	990.33
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		62,825.10	
8	Earnings per share (of ₹ 10/- each)			
	Basic:	20.91	106.63	25.56
	Diluted:	20.91	106.58	25.54

NOTES:

1. The Company is in the process of addressing certain ongoing matters. Firstly, the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") has initiated adjudication proceeding ("Adjudication Proceeding") related to the credit ratings assigned to one of the Company's customers and the customer's subsidiaries. The settlement application filed in this regard by the Company has been rejected by SEBI. The Company is also cooperating with government agencies and responding to their queries in relation to this matter. Secondly, the Board of Directors of the Company has appointed external experts to examine and report on anonymous representations against its officials, which were forwarded to the Company by SEBI ("Representations"). There have been certain retaliatory allegations during the course of the internal examination of the Representation for which the Board is in process of appointing external experts to examine. Thirdly, the Company has received a letter from SEBI seeking comments on observations made in the interim report dated July 15, 2019 prepared by Grant Thornton India LLP, which was commissioned by the IL&FS group.
   While the Company has made a provision for penalty on a prudent basis with regards to the Adjudication Proceeding, the Adjudication Proceeding as well as the examinations and other matters noted above remain ongoing and the results of which are not yet available or known. In the meantime, the Board of Directors of the Company, on July 1, 2019, placed its Managing Director and Group CEO on administrative leave, with immediate effect until further notice.
   As on date, the Company is unable to estimate the impact, if any, that may result from a potential unfavorable conclusion of these matters or any related inquiry.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (SEBI) (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Statutory auditors of the Company have carried out limited review of the Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2019 and a qualified report (in respect of matter described in Note-1 above) has been issued. The full format of the Quarterly Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results and auditor's review reports are available on the Stock Exchange websites of National Stock Exchange and BSE at www.nseindia.com and www.bseindia.com respectively and under the Investors section on the Company's website www.icra.in.

By Order of the Board of Directors
Arun Duggal
Chairman
(DIN: 00024262)

Place : Gurugram
Date : August 1, 2019

नेटवर्क लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: W-30, [illegible] फेज-II, नई दिल्ली-110020
ई-मेल आईडी: network.limited@gmail.com
वेबसाइट: www.networklimited.net
फोन नं.: 011-41067060
CIN: L32209DL1989PLC034797

सूचना

सेबी (सूचीबद्ध प्रतिभूति एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) अधिनियम, 2015 के अधिनियम 29 के अनुसार एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अन्य बातों के साथ अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने, मंजूरी लेने और रिकॉर्ड पर लेने के लिए शनिवार, 10 अगस्त, 2019 को प्रातः 11:30 बजे आयोजित होगी।

फ्लो नेटवर्क लिमिटेड
हस्ता./-
अशोक साहनी
निदेशक

तिथि: 02.08.2019
स्थान: नई दिल्ली

कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड
CIN: L74110DL1980PLC010878
पंजी. कार्या. 206, न्यू दिल्ली हाउस, 27, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली– 110001
फोन– 91-11-43045955
ईमेल: compliance@kotiaenterprises.com
वेबसाइट: www.kotiaenterprises.com

बोर्ड बैठक की सूचना

सेबी (सूचीबद्ध प्रतिभूतियाँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 29(1) एवं 47(1)(ए) एवं 33 के अनुपालन में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, **कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड** के निदेशक मंडल की बैठक परिणाम, 12 अगस्त, 2019 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनेंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन करना और 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही / वित्तीय वर्ष के लिए एकल/एकीकृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन करना है।

सेबी (आंतरिक व्यापार का निषेध) विनियम, 2015, के अनुसार कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार के लिए आंतरिक द्वारा कंपनी की प्रतिभूतियों से निपटने के लिए कंपनी द्वारा 05 अगस्त, 2019 से कंपनी डब्ल्यू बंद कर दिया गया है और 14 अगस्त, 2019 तक बंद रहेगा।

कृते **कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
हस्ता./–
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
DIN:00254327

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 02.08.2019

Selan Exploration Technology Limited
Regd. Office: J-47 / 1, Shyam Vihar, Dindarpur, Najafgarh, New Delhi - 110 043
CIN: L74899DL1985PLC021445
Website: www.selanoil.com
E-mail: investors@selanoil.com
Tele Fax No.: 0124-4200326

NOTICE

Notice (pursuant to Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015) is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Saturday, 10 August 2019 to consider and take on record, inter-alia, the Unaudited Financial Results for the quarter ended 30 June 2019.

For **Selan Exploration Technology Ltd.**
Sd/-
Pooja Agnihotri
Company Secretary

Date: 02 August, 2019
Place: Gurgaon

MAXPLUS LOGISTICS LIMITED
(Formerly Known as MC-STITCH LIMITED)
CIN: L65999DL1985PLC02232
Regd. Office : 1, Community Centre, East of Kailash, New Delhi-110 065
email: sanjeev.chandra@gmail.com
website: www.maxpluslogisticslimited.com
Tel. No. : 011-49057869

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, Notice is hereby given that a Meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Wednesday, 14th August, 2019 at the Registered Office to inter alia approve and take on record the Un Audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2019, alongwith Limited Review Report thereon.

The Notice is also available on the Stock Exchanges website www.msei.in and Company's website www.maxpluslogisticslimited.com.

For Maxplus Logistics Limited
Sd/-
Sanjeev Chandra
Director and CEO

Place : New Delhi
Date : 01.08.2019

केआरए लिजिंग लिमिटेड
CIN: L65993DL1990PLC039637
E: kraleasing1990@gmail.com;
W: www.kraleasing.com
पंजीकृत कार्यालय: सी-20, एसएमए को–आपरेटिव इन्डस्ट्रियल इस्टेट, जी टी करनाल रोड, दिल्ली-110033
कारपोरेट कार्यालय: प्लॉट न० 03, सेक्टर 11, आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम-122050, हरियाणा, Ph. No: 0124-4746817

सूचना

सेबी के विनियमन 29 साथ में पठित विनियमन 47 (सूची दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्कतायें) विनियमन 2015, के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना प्रदान की जाती है कि 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर अन्य व्यवसायिक कार्यसूची तथ्यों के साथ विचार एवं स्वीकृत करने एवं कार्यसूची अनुसार अन्य व्यवसाय हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार, 12 अगस्त, 2019 को कम्पनी के कारपोरेट कार्यालय **प्लॉट न० 03, सेक्टर-11, आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम, हरियाणा-122050** में सायं 03:00 बजे आयोजित की जायेगी।

"कम्पनी के इक्वीटी शेयरधारक मंडल की सुनिश्चित बैठक में चर्चा होने वाले अपने प्रश्न/कार्यसूची, यदि कोई हों, वर्ड फाइल मे अपने नाम, पते, फोलियो न०/डीपी आईडी एवं ग्राहक आईडी के साथ शेयर धारित संख्या के साथ **kraleasing1990@gmail.com** पर आमंत्रित है।"

मंडल की बैठक की सूचना कम्पनी की वेवसाइट **www.kraleasing.com** एवं स्टॉक एक्सचेन्ज की वेवसाइट **www.msei.in** पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते केआरए लिजिंग लिमिटेड
हस्ता०/–
अंकित धमिजा
कम्पनी सचिव कम अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या: 26765
पता: एच. न. 165, सेक्टर-04, पार्ट-II,अर्बन इस्टेट, करनाल हरियाणा-132001

स्थान: गुरूग्राम
तिथि: 02.08.2019

PNB GILTS LTD
पीएनबी गिल्ट्स लिमि.
CIN: L74899DL1996PLC077120
रजि. ऑफिस: 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
फोन : 011-23325756, 23325779, फैक्स : 011-23325751, 23325753
ई–मेल: pnbgilts@pnbgilts.com, वेबसाइट: www.pnbgilts.com

23वीं वार्षिक आम बैठक रिमोट ई–वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 23वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, 28 अगस्त, 2019 को पूर्वाह्न 10.30 बजे मल्टी–पर्पस हॉल, पंजाब नेशनल बैंक, प्रधान कार्यालय, प्लॉट न. 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली – 110075 में निर्धारित की गई है।

वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का नोटिस, उसका एजेन्डम और मार्च 31, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिनके ई–मेल आईडी कंपनी अथवा डिपॉजटरी प्रतिभागी (यों) के साथ पंजीकृत है और ये उन सदस्यों को भौतिक माध्यम से भेजी गई है जिनके ई–मेल आईडी न तो कंपनी के साथ पंजीकृत है और न ही डिपॉजटरी प्रतिभागी (यों) के साथ पंजीकृत है। कंपनी ने इन का वितरण कार्य (इलेक्ट्रॉनिक या भौतिक माध्यम द्वारा) शुक्रवार, 2 अगस्त, 2019 को समाप्त कर दिया है।

वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम आदि का नोटिस और उसका एजेन्डम कंपनी की वेबसाइट www.pnbgilts.com पर Investor Relations>>Financial Results खंड के तहत भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों को यह प्राप्त नहीं हुई है, वे इसे कंपनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या वे कंपनी सचिव को उपरोक्त पते पर पत्र लिखकर इसकी प्रति के लिये अनुरोध कर सकते हैं। उक्त वार्षिक आम बैठक में संचालित किये जाने वाले बिजनेस की मदों से संबंधित दस्तावेज निरीक्षण के लिये कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में, वार्षिक आम बैठक की तिथि तक सभी कार्य दिवसों को (शनिवार को छोड़कर), पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 5.30 बजे तक, उपलब्ध हैं।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुरूप, कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम नोटिस और उसके एजेन्डम में दिये गये प्रत्येक मद पर एजीएम स्थल के अलावा किसी दूसरे स्थान से, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के जरिये, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई–वोटिंग) द्वारा अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। इसलिए एजीएम के निर्धारित बिजनेस का संचालन एनएसडीएल की ई–वोटिंग सेवाओं के जरिये हो सकता है। एजीएम नोटिस और उसका एजेन्डम एनएसडीएल की वेबसाइट http://www.evoting.nsdl.com/ पर भी उपलब्ध हैं।

अतः सभी सदस्यों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है :

- रिमोट ई–वोटिंग शनिवार, 24 अगस्त, 2019 को पूर्वाह्न 9.00 बजे से शुरू होगी और मंगलवार, 27 अगस्त, 2019 को अपराह्न 5.00 बजे समाप्त होगी।
- मंगलवार, 27 अगस्त, 2019 को अपराह्न 5.00 बजे के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
- वोट की पात्रता निर्धारित करने के लिये कट ऑफ तिथि बुधवार, 21 अगस्त, 2019 होगी।
- एजीएम स्थल पर बैलेट पेपर द्वारा मतदान की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। बैठक में शामिल वे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- मताधिकार के इस्तेमाल के बाद, मत में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है।
- जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं मगर वे एजीएम में दोबारा वोट नहीं डाल सकते।
- कोई भी व्यक्ति जो एजीएम नोटिस के वितरण के बाद कंपनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार, 21 अगस्त, 2019 तक शेयर अपने पास रखता है, वह अपना लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिये evoting@nsdl.co.in पर अपना अनुरोध ई–मेल द्वारा भेज सकता है। लेकिन यदि व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड वोट डालने के लिए इस्तेमाल कर सकता है।
- जिन व्यक्तियों के नाम कट ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार, 21 अगस्त, 2019 को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजटरी द्वारा रखे गए लाभांश स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, वे रिमोट ई–वोटिंग या एजीएम में बैलेट पेपर द्वारा मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने के पात्र होंगे।
- सदस्य रिमोट ई–वोटिंग पर विस्तृत प्रक्रिया और पद्धति की जानकारी के लिए 23वीं एजीएम के नोटिस को पढ़ सकते हैं और रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में वे www.evoting@nsdl.com पर उपलब्ध बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) तथा ई–वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं अथवा श्रीमती पल्लवी म्हात्रे, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल से किसी भी स्पष्टीकरण/ शिकायत के लिए ट्रेड वर्ल्ड, "A" विंग, कमला मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई–400013 पर पत्राचार करें अथवा pallavid@nsdl.co.in/ evoting@nsdl.co.in पर अथवा निम्नलिखित टेलीफोन नम्बरों पर संपर्क करें. 022–24994545 (Toll free no.-1800-222-990)। सदस्य रिमोट ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी शिकायत हेतु कंपनी सचिव से उपरोक्त पते/विवरण पर अथवा m.kochar@pnbgilts.com पर ई–मेल भेजकर संपर्क भी कर सकते हैं।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91, कंपनीज (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 (1) और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुरूप यह भी सूचना दी जाती है कि सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर हस्तांतरण पुस्तकें, (क) वार्षिक आम बैठक और (ख) वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए वित्तीय लाभांश रू. 1.40 प्रति शेयर (अर्थात @14%) प्राप्त करने की शेयरधारकों की पात्रता निर्धारण के संबंध में शनिवार, 17 अगस्त 2019 से बुधवार, 28 अगस्त 2019 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगी। लाभांश यदि अनुमोदित हो तो, उन सदस्यों (अथवा उनके मनोनीत) को दिया जाएगा, जिनके नाम 16 अगस्त, 2019 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में भौतिक रूप से दर्ज होंगे। डिमैटीरियलाइज्ड स्वरूप में धारित शेयरों के संबंध में, लाभांश का भुगतान उन लाभांश स्वामियों को होगा, जिनका विवरण उनके डिपॉजिटरीज द्वारा 16 अगस्त 2019 की समाप्ति तक दिया जाएगा।

उपरोक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट www.pnbgilts.com और स्टॉक एक्सचेंजेस की वेबसाइट www.nseindia.com और www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
कृते पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड
हस्ता०/–
(मोनिका कोचर)
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02.08.2019

ओसवाल लीजिंग लिमिटेड
CIN: L65910DL1983PLC016036
पंजी. कार्यालय: 105, अशोका इस्टेट, 24, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001
E-mail: oswal_leasing@owmnahar.com
Website: www.owmnahar.com

बोर्ड की बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 के साथ पठित विनियमन 47 के अनुपालन में कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 12 अगस्त, 2019 को 3.30 बजे अप. में 105, अशोका इस्टेट, 24, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001 में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही तथा तीन महीने तथा अन्य समान मदों पर विचार तथा अनुमोदन किये जाएंगे।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाईट **www.owmnahar.com** तथा साथ ही स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट **www.bseindia.com** पर देखी जा सकती है।

ओसवाल लीजिंग लिमिटेड के लिये
हस्ता./–
पलक नारंग
(कम्पनी सचिव)
ACS 43749

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 2.8.2019

कॉर्पोरेट मर्चेन्ट्स बैंकर्स लिमिटेड
पंजी.कार्या.: यूजी-24, विश्वदीप टावर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
CIN: L74899DL1994PLC061107
E-mail ID: cmbldelhi@gmail.com
Ph. No. 91-11-65382244
Website: www.cmbl.co.in

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 एवं विनियमन 33 के साथ पठित विनियमन 47 के अनुपालन में मै. कॉर्पोरेट मर्चेन्ट बैंकर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 8 अगस्त, 2019 को पंजी. कार्यालय में 5.00 बजे अप. में आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिये कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जायेंगे।

विस्तृत विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.cmbl.co.in तथा साथ ही बीएसई लिमिटेड एवं एमएसईआई लिमिटेड जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, की वेबसाईट http://www.bseindia.com एवं www.msei.in पर उपलब्ध होंगे।

कॉर्पोरेट मर्चेन्ट बैंकर्स लिमिटेड के लिये
हस्ता./–
पार्णे वेंकटेश्वर रेड्डी
निदेशक
DIN: 06446233

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 2.8.2019

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा

{भारत दिवाला तथा दिवालिया मण्डल (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत}

एम.के. पिकॉक मिनिरल वाटर प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडिटरों के ध्यानार्थ

1.	कार्पोरेट ऋणधारक का नाम	एम.के. पिकॉक मिनिरल वाटर प्राईवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	22/11/1993
3.	यह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कार्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी अधिनियम, 1956, रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनी, एनसीटी दिल्ली एवं हरियाणा, नई दिल्ली
4.	कार्पोरेट पहचान संख्या, कार्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटि पहचान संख्या	U74899DL1993PTC056162
5.	कार्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	एस–410, ग्रेटर कैलाश पार्ट–II, नई दिल्ली–110048
6.	कार्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरम्भ होने की तिथि	26 जुलाई 2019 (माननीय एनसीएलटी दिल्ली बेंच सी.पी. नं. आईबी–1279/(एनडी)/2018 से 26.07.2019 को आदेश दिया गया आदेश की प्रति 01.08.2019 को एनसीएलटी से ईमेल के माध्यम से आईआरपी द्वारा प्राप्त हुआ)
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन के अनुमानित तिथि	22 जनवरी 2020
8.	इन्सालवेन्सी प्रोफिशनल का नाम, पंजीकरण संख्या के अंतरिम प्रस्ताव प्रोफिशनल के रूप में कार्यरत है।	राजीव बजाज IBBI/IPA-002/IP-N00276/2017-18/10834
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रोफिशनल का पता एवं ई–मेल	4/180, भूतल बैकसाइड, सुभाष नगर, नई दिल्ली–110027 ईमेल : rbajajip@gmail.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रोफिशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त होने वाला पता तथा ई–मेल	4/180, भूतल बैकसाइड, सुभाष नगर, नई दिल्ली–110027 ईमेल : cirpmk@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	14 अगस्त 2019
12.	क्रेडिटर का वर्ग यदि कोई हो धारा 21 की उप–धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रोफिशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	लागू नहीं
13.	किसी वर्ग में क्रेडिटर के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचान किये गये इन्साल्वेन्सी प्रोफिशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	लागू नही

जनसत्ता

3 अगस्त, 2019

गंगा का जीवन

गंगा का पानी प्रदूषित होने के मसले पर जब से चिंताएं सामने आने लगीं, तब से अब तक उसे प्रदूषण मुक्त बनाने के नाम पर हजारों करोड़ रुपए बहा दिए गए हैं। लेकिन पिछले तीन दशक से ज्यादा समय से यह क्रम लगातार जारी रहने के बाद भी हालत यह है कि कुछ अंतराल के बाद इस समस्या के और ज्यादा गहराने की ही खबरें आती रहती हैं। गंगा की न केवल सफाई का सवाल आज भी मुंह बाए खड़ा है, बल्कि उसके लिए बहाए जाने वाले इतने पैसे कहां और कैसे खर्च किए गए और उसका क्या नतीजा सामने आया, इसके बारे में शायद कोई हिसाब भी नहीं है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को इस मसले पर निर्देश जारी करने पड़ रहे हैं। शुक्रवार को गंगा में अपशिष्ट और औद्योगिक कचरा प्रवाहित होने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सीपीसीबी ने चार राज्यों के प्रदूषण बोर्डों को निर्देश दिया है कि वे पर्यावरणीय मानदंडों का पालन नहीं करने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और जरूरत पड़ने पर उन्हें बंद भी करें। सीपीसीबी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्षों को पंद्रह दिनों के भीतर निरीक्षण की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

जाहिर है, गंगा को स्वच्छ बनाने के मकसद से शुरू की गई 'नमामि गंगे' से लेकर अतीत की तमाम योजनाओं का हासिल अब भी यही है कि इस नदी में प्रदूषण फैलाने वालों पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। सवाल है कि जिस नदी को देश के जनजीवन और पर्यावरण के लिए इतना जरूरी घोषित किया गया है, उसे स्वच्छ रखने के प्रति समाज से लेकर सरकारी महकमों तक की लापरवाही को निर्बाध क्यों छोड़ दिया गया था! बुरी तरह प्रदूषित हो गई गंगा की सफाई के लिए चलाए गए अभियानों की हकीकत भी तब सामने आती रहती है, जब सुप्रीम कोर्ट की ओर से सरकार को फटकार लगाई जाती है या फिर प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां राज्य सरकारों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने का निर्देश देती हैं। आखिर किन वजहों से आज भी शहरों के नालों के जरिए अपशिष्ट बहाए जाते हैं या फिर औद्योगिक इकाइयों को गंगा में कचरा प्रवाहित करने की अघोषित छूट मिली हुई है? क्या इस स्थिति के बने रहते हुए यह उम्मीद की जा सकती है कि गंगा का पानी प्रदूषित होते जाने को रोका जा सकेगा?

खुद सीपीसीबी के हाल के एक अध्ययन के मुताबिक उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल तक गिनती की कुछ जगहों को छोड़ दिया जाए तो गंगा नदी का पानी पीने लायक तो दूर, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। नदी में 'कोलीफॉर्म' जीवाणु का स्तर इतना बढ़ गया है कि वह मनुष्य की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। यह हालत तब है जब गंगा की सफाई पर पहले की योजनाओं में खर्च राशि के बाद 2014 से 2018 तक इसी मद में साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम जारी की गई और उसमें लगभग चार हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इस मसले पर राष्ट्रीय हरित पंचाट से लेकर अलग-अलग अदालतों ने समय-समय पर सरकार और संबंधित महकमों की लापरवाही पर सवाल उठाया है। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि जिस गंगा की शुद्धता और पवित्रता के हवाले से राजनीति भी की जाती रही है, उसे स्वच्छ बनाने के तमाम अभियानों की हकीकत इस कदर अफसोसनाक क्यों है! गंगा को स्वच्छ बनाने का दम भरने वाली सरकारों के दावों के बरक्स उनकी इच्छाशक्ति इतनी कमजोर क्यों दिखती है!

सेवा और सवाल

अगर जनता को बिजली, पानी, चिकित्सा और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएं मुफ्त में मिलने लगें तो उसके लिए राहत और खुशी की इससे बड़ी क्या बात हो सकती है! एक कल्याणकारी राज्य और उसमें सरकार की यह जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने नागरिकों को बुनियादी जरूरत वाली चीजों और सेवाओं को निशुल्क या मामूली दाम पर उपलब्ध कराए। वरना कल्याणकारी सरकार होने का मतलब ही क्या रह जाता है! ऐसे में अगर कोई सरकार इस दिशा में पहल करती है तो क्यों नहीं उसका स्वागत होना चाहिए, भले यह चुनावी पैंतरा ही क्यों न हो! ऐसा ही करिश्मा दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने किया है। दिल्ली सरकार ने एक बड़ा फैसला करते हुए दो सौ यूनिट तक खपत पर बिजली बिल माफ कर दिया है। यानी दो सौ यूनिट बिजली दिल्ली सरकार मुफ्त देगी। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इससे पहले दिल्ली सरकार ने पिछले साल बीस हजार लीटर पानी मुफ्त देने की पहल की थी, जिस पर बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने सवाल उठाए थे।

दिल्ली सरकार ने दो सौ यूनिट बिजली तो मुफ्त देने का एलान किया है। इसके अलावा, दो सौ से चार सौ यूनिट तक खर्च करने वालों को बिल में पचास फीसद की सबसिडी मिलेगी। यानी आधा खर्च सरकारी पैसे से भरा जाएगा। इससे दिल्ली सरकार पर छह सौ करोड़ रुपए सालाना का बोझ पड़ेगा। सरकार का दावा है कि दो सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली के फैसले से तैंतीस लाख लोगों को फायदा होगा। एक मोटे अनुमान के मुताबिक पैंतीस फीसद उपभोक्ता ऐसे हैं जो दो सौ यूनिट से भी कम बिजली खर्च करते हैं। इनमें समाज के कमजोर और गरीब तबके के परिवार ही हैं। ऐसे में दिल्ली की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए केजरीवाल सरकार का यह कदम राहत भरा है। मुफ्त बिजली-पानी के लिए मुख्यमंत्री हमेशा से यह तर्क भी देते आए हैं कि जब देश के नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों के लिए बिजली मुफ्त हो सकती है तो गरीब जनता के लिए क्यों नहीं!

इसमें कोई दो राय नहीं कि दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली दिल्ली सरकार का विशुद्ध रूप से चुनावी कदम है। सरकार अगर गरीबों को वाकई राहत देना चाहती थी तो पिछले चार साल में उसने यह फैसला क्यों नहीं किया? अब चुनाव करीब आते ही सरकार को गरीबों का खयाल आया है। दिल्ली की चुनावी राजनीति में बिजली बड़ा मुद्दा रहा है। आम आदमी पार्टी ने 2013 से ही बिजली के बढ़े दामों को मुद्दा बनाया था और इसे लेकर अरविंद केजरीवाल ने पंद्रह दिन का अनशन भी किया था। इस मुद्दे ने आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उनकी पार्टी ने राजधानी की जनता से वादा भी किया था कि सत्ता में आते ही सस्ती बिजली दी जाएगी। दिल्ली से सटे राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बिजली काफी महंगी है। दो सौ यूनिट तक के लिए गुड़गांव में नौ सौ रुपए से ज्यादा और नोएडा में तेरह सौ रुपए चुकाने पड़ने हैं। हालांकि चुनाव से ठीक पहले जनता को अपने पक्ष में करने के मकसद से सरकारें ऐसे कदम उठाती रही हैं, दिल्ली सरकार ने इससे पहले मेट्रो में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा का कार्ड चला था, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि मुफ्त की सेवाएं और सुविधाएं सिर्फ जरूरतमंदों को मिलें। ऐसे खर्चों का बोझ अंतिम तौर पर सरकारी खजाने पर पड़ता है और उसका खमियाजा अलग शक्ल में आम जनता को ही उठाना पड़ता है।

कल्पमेधा

आप हर इंसान का चरित्र बता सकते हैं, यदि आप देखें कि वह प्रशंसा से कैसा प्रभावित होता है।

-सेनेका

बुजुर्ग आबादी और चुनौतियां

मनीषा सिंह

बदलती सामाजिक व्यवस्था के कारण और घरों के सिकुड़ने से जहां परिवार छोटे हुए हैं, वहीं परिवारों में बुजुर्गों की भूमिका भी कम हुई है। पहले बुजुर्ग परिवार का महत्त्वपूर्ण अंग होते थे। नई पीढ़ी उनसे सामाजिक मूल्यों की विरासत का पाठ पढ़ती-सीखती थी। लेकिन अब बच्चे मोबाइल या टीवी में उलझे रहते हैं। उनके पास बुजुर्गों से बात करने का समय नहीं होता। बड़े शहरों में परिवार चलाने के लिए अगर पति-पत्नी दोनों कामकाजी होते हैं, तो घर के बुजुर्गों से बात किए हफ्तों भी बीत जाते हैं।

बढ़ती आबादी समस्या है या इसे मानव पूंजी अथवा संसाधन के रूप में देखा जाए, इस बहस का जवाब शायद ही कभी मिले। यह बहस खासतौर से इसलिए उठी है कि आबादी से जुड़ी जो गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका कोई युक्तिसंगत समाधान फिलहाल विशेषज्ञों को भी नहीं सूझ रहा है। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र के जनसांख्यिकी विशेषज्ञों ने सामाजिक परिप्रेक्ष्य में एक चेतावनी बूढ़ी होती आबादी को लेकर दी है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट में तुलनात्मक आंकड़े देकर बताया गया है कि दुनिया में यह पहला अवसर है जब बूढ़े लोगों की आबादी पांच साल से कम उम्र के बच्चों के मुकाबले ज्यादा हो गई है। इस आंकड़े के अनुसार वर्ष 2018 के अंत में पैंसठ साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों की आबादी सत्तर करोड़ से ज्यादा थी, जबकि चार साल के बच्चों की तादाद अड़सठ करोड़ है। मोटे तौर पर कह सकते हैं कि दुनिया एक ऐसे मुहाने पर है जहां पोते-पोतियों के मुकाबले दादा-दादी या नाना-नानी की संख्या ज्यादा हो गई है। संयुक्त राष्ट्र का यह आकलन भी है कि अगर बदलाव की मौजूदा दर जारी रहती है, तो वर्ष 2050 में शून्य से चार साल के हर बच्चे पर दो बुजुर्ग होंगे यानी बुजुर्गों की आबादी बच्चों के मुकाबले दोगुनी होगी।

ये बदलाव दो मुख्य वजहों से हुए हैं। पहली बात यह है कि बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाओं से जीवन प्रत्याशा भी बढ़ी है, जिससे बुजुर्ग आबादी में इजाफा हो रहा है। कई विकसित देशों में सेवानिवृत्ति के बाद बुजुर्गों की देखभाल के विशेष सामाजिक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, जिससे उन्हें जीवन-यापन के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इस तरह स्वास्थ्य और आर्थिक समस्याओं से चिंतामुक्त जीवन के कारण बुजुर्ग लंबा जीवन जीने लगे हैं। यह एक सार्थक बदलाव है। लेकिन इसके समांतर दूसरी उल्लेखनीय बात यह है कि कामकाज और नौकरियों के बढ़ते दबाव और तनाव के कारण युवा कम बच्चे पैदा कर रहे हैं। चीन के अलावा यह भले ही किसी देश की घोषित नीति न हो, लेकिन अब ज्यादातर देशों में एकल बच्चे के परिवार का चलन बढ़ रहा है। ऐसा परिवर्तन ब्रिटेन जैसे देश में भी हो रहा है जहां मध्यवर्गीय परिवार संतान के लालन-पालन में लगने वाले संसाधनों के अभाव की वजह से एक से ज्यादा बच्चे को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। इसके पीछे बच्चों की परवरिश में लगने वाले समय और खर्च की समस्या भी है, जिस कारण युवा दंपत्ति अब ज्यादा बच्चे पैदा नहीं कर रहे हैं। इससे बुजुर्गों और बच्चों के अनुपात में असंतुलन आ रहा है। लेकिन यह असंतुलन असल में एक बड़े खतरे का संकेत भी है। खतरा उल्टे पिरामिड जैसी सामाजिक संरचना वाले देशों की भरमार हो जाने का है, जिसमें बुजुर्ग ज्यादा और बच्चे कम होंगे।

वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में जनसांख्यिकी मामलों के विशेषज्ञ क्रिस्टोफर मरे ने एक शोध में बताया है कि जब दुनिया में बच्चे कम और बुजुर्ग ज्यादा होंगे, तो ऐसे वक्त में वैश्विक समाज को बचाए रखना मुश्किल होगा। खास बात यह है कि दुनिया के करीब आधे देशों में अभी ही आबादी के मौजूदा आकार को कायम रखने के लिए पर्याप्त बच्चे नहीं हैं। विश्व बैंक ने भी इस हकीकत को स्वीकार किया है। विश्व बैंक के अनुसार 1960 में दुनिया में महिलाओं की प्रजनन दर पांच बच्चों की थी, जो छह दशक बाद आधे से भी कम यानी 2.4 रह गई है। साठ के दशक में जहां लोग औसतन बावन साल जीते थे, वहीं मौजूदा दशक में यह औसत बहत्तर साल हो गया। जापान में तो जीवन प्रत्याशा का औसत बयासी साल है। वर्ष 2018 में जापान की कुल आबादी में पैंसठ साल से ज्यादा के बुजुर्गों का प्रतिशत सत्ताईस, जबकि पांच साल से छोटे बच्चों का प्रतिशत मात्र 3.85 था।

जिन देशों में सामाजिक सुरक्षा की उदारवादी नीतियों के तहत अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं और पेंशन जैसी सुविधाएं हैं, वहां बुजुर्गों की ज्यादा संख्या आबादी के खराब अनुपात के अलावा कई आर्थिक और देश के विकास को प्रभावित करने वाली समस्याएं भी पैदा कर सकती है। असल में समाज में वृद्धों की आबादी बढ़ने का अर्थ है कामकाजी लोगों की संख्या में गिरावट, जिसकी वजह से देश की उत्पादकता कम हो सकती है और विकास प्रभावित हो सकता है। जापान का उदाहरण देते हुए

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने यही चेतावनी दी है कि बुजुर्गों की ज्यादा आबादी से अगले चार दशकों में जापान की अर्थव्यवस्था पच्चीस फीसद तक सिकुड़ सकती है। असल में, बुजुर्गों का उपभोग भी अत्यंत सीमित होता है, वे ज्यादा खरीदारी नहीं करते, इसलिए वे देश के आर्थिक विकास में न्यूनतम योगदान दे पाते हैं। यह आशंका चीन को भी सता रही है, इसलिए उसने एकल बच्चे की नीति वाले जनसंख्या प्रतिबंधों को हटाने की बात कही है।

समस्या का एक छोर खुद बुजुर्गों से जुड़ा है जो ज्यादा चिंताजनक है। असल में किसी भी समाज में बुजुर्ग अकेलेपन और असुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर काफी समस्याग्रस्त होते हैं। कई देशों में हुए अध्ययन बताते हैं कि तेजी से बदलते सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में बुजुर्ग सामाजिक और भावनात्मक तौर पर अकेले पड़ते जा रहे हैं। इस बारे में वर्ष 2017 में एक अध्ययन हुआ था। इसमें दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया गया था कि इस इलाके में रहने वाले साठ साल से ज्यादा उम्र के लोगों में तिरासी फीसद अकेलेपन के शिकार हैं। अध्ययन में शामिल बुजुर्गों ने माना था कि वे सामाजिक रूप से अलग-थलग और अकेलापन महसूस करते हैं। बताया गया कि वर्ष 2017 में सिर्फ दिल्ली में बारह लाख से ज्यादा (दो करोड़ की आबादी में आठ फीसद) बुजुर्ग थे जो छोटे परिवारों के बढ़ते चलन और तेजी से बदलती परंपरागत सामाजिक मूल्य प्रणाली के कारण काफी उपेक्षा महसूस कर रहे हैं। जीवन की सांझ में इन बुजुर्गों को आर्थिक-सामाजिक सहारा देना तो दूर, उनसे बात करने वाला भी कोई नहीं होता। न तो उनके बच्चों के परिवार उनके लिए समय निकाल पाते हैं और न ही आसपास का समाज उनसे कोई वास्ता रखता है। ऐसे में वे या तो अपराधियों के निशाने पर आ जाते हैं या फिर अपने ही परिवार की उपेक्षा के कारण तन्हा जिंदगी जीते हुए किसी दिन उनकी मौत हो जाती है। दो साल पहले मुंबई के एक उपनगर में एक आलीशान फ्लैट में बुजुर्ग महिला की मौत ने इसी सामाजिक समस्या की ओर ध्यान खींचा था। इस महिला का बेटा डेढ़ साल बाद जब अमेरिका से लौटा तो उसे फ्लैट के कमरे में एक बेड पर मां का सिर्फ कंकाल मिला था। डेढ़ साल पहले आखिरी बार महिला की बेटे से बात हुई थी।

बदलती सामाजिक व्यवस्था के कारण और घरों के सिकुड़ने से जहां परिवार छोटे हुए हैं, वहीं परिवारों में बुजुर्गों की भूमिका भी कम हुई है। पहले बुजुर्ग परिवार का महत्त्वपूर्ण अंग होते थे। नई पीढ़ी उनसे सामाजिक मूल्यों की विरासत का पाठ पढ़ती-सीखती थी। लेकिन अब बच्चे मोबाइल या टीवी में उलझे रहते हैं। उनके पास बुजुर्गों से बात करने का समय नहीं होता। बड़े शहरों में परिवार चलाने के लिए अगर पति-पत्नी दोनों कामकाजी होते हैं, तो घर के बुजुर्गों से बात किए हफ्तों भी बीत जाते हैं।

भारत में आज सबसे बड़ी समस्या बुजुर्गों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा की है। सरकार सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन जैसे विकल्प खत्म करती जा रही है। स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का जहां तक सवाल है, आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं एक खास गरीब तबके तक सीमित हैं। ऐसे में भारत जैसे देश में बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी समस्याएं सरकार के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

बरसात का राग

अतुल चतुर्वेदी

दुनिया मेरे आगे

कभी कालिदास ने एक पूरा काव्य 'मेघदूत' प्रकृति को आलंबन बना कर समर्पित कर दिया था और उनकी पीड़ा को स्वर देते हुए मोहन राकेश ने 'आषाढ़ का एक दिन' जैसे कालजयी नाटक की रचना की। लेकिन क्या आज हमारे साहित्य और दैनिक जीवन में प्रकृति की यह मौजूदगी उतनी ही शिद्दत से महसूस की जा रही है? क्या हमारे आज के जीवन और प्रकृति का यह रिश्ता उतना ही मजबूत रह गया है? रीतिकालीन कविता को लेकर हम कितना भी नाक-भौं सिकोड़ लें, लेकिन सेनापति, देव और यहां तक कि मतिराम में भी प्रकृति के दर्शन सुलभ हो ही जाते हैं। छायावादी कवियों की रचनाओं में जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचनाओं में भी वर्षा ऋतु, सावन के मेघ आदि का वर्णन प्रचुरता में मिलता है। पंत की कविता- 'झम-झम झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के, छम-छम छम गिरती बूंदें तरुओं से छन के' न केवल ध्वनि बिंब खड़े करती है, बल्कि चाक्षुष बिंबों के माध्यम से मन में सावन का आनंद और ताजगी उत्पन्न कर देती है।

निराला की 'बादल राग' कविता से कौन परिचित नहीं होगा! बादल के माध्यम से नए क्रांति के स्वर फूंकने और किसान की पीड़ा को उन्होंने अद्भुत अमर स्वर दिए हैं। दिनकर ने तो वर्षा को ऋतुओं की रानी कहा है। केदारनाथ अग्रवाल और नागार्जुन आदि कवियों के यहां भी प्रकृति लुप्त नहीं हुई है, भले ही उसकी व्यंजना और संदर्भ बदल गए हों। लेकिन आज हमारा रिश्ता प्रकृति से लगातार टूटता चला जा रहा है। खासकर उत्तर भारत में ज्यादा उदासीनता दिखती है। घर के आंगन में तुलसी और आंवले जैसे उपयोगी पौधों के लिए भी जगह हम नहीं छोड़ना चाहते। क्यारियों का स्थान अब गमलों के स्टैंड ने ले लिया है। अव्वल तो फ्लैट संस्कृति ने घरों में सामान के लिए ही जगह नहीं छोड़ी है, उस पर हमारी मानसिकता भी अर्थोन्मुख अधिक हो गई है। हम घर की क्यारी तोड़ कर दुकान या एक कमरा बनवाना पसंद करते हैं, लेकिन पेड़ लगाना नहीं। हमारी पाठ्य-पुस्तकों से प्रकृति प्रेम की कविताएं भी लुप्त-सी हो गई हैं।

आज पाठ्यक्रम सरकारों के राजनीतिक एजेंडों की पूर्ति के साधन अधिक हो गए हैं। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के चहुंमुखी विकास से उनका कोई सरोकार नहीं। नतीजतन, विद्यार्थियों में पेड़-पौधों और जीव जंतुओं के प्रति संवेदनाओं और दायित्वों का अभाव हो गया है जबकि दक्षिण भारत में आज भी प्रकृति लोगों के जीवन का अंग है। यही कारण है कि कम तापमान और पर्याप्त वर्षा आदि पारिस्थितिकी संकटों से उन्हें कम गुजरना पड़ रहा है। पेड़-पौधों से भावनात्मक लगाव रखने वाले आदिवासियों को हमने अंधविश्वासी और पिछड़ा कह कर उनकी जमीन पर अपनी औद्योगिक लिप्साओं के महल खड़े कर दिए। जंगल सिकुड़ रहे हैं और हमारे मन के अंदर का जंगल फल-फूल रहा है। हिंसक प्रवृत्तियां पनप रही हैं और भाई भाई के खून का प्यासा हो रहा है। सावन हमारे अंदर के हरेपन के जीवित रखने का मौसम है जो न केवल हमें आनंदित करता है, बल्कि हममें एक नई किस्म का आलोड़न, प्रसन्नता और स्फूर्ति भरता है।

मेघों की गर्जना के मिट्टी की उर्वरा शक्ति के विषय में जो भी वैज्ञानिक सत्य हैं, उनके अतिरिक्त सबसे बड़ा सत्य है प्रकृति के नव रूप और नव अभिनंदन का। सावन के साथ हमारी सामूहिकता की भावना और साहचर्य का सुख भी परस्पर जुड़ा हुआ है। साथ-साथ झूला झूलने और कजरी के गीतों को गाने का आनंद ही कुछ और है। लेकिन न आज वैसा कजरी गायन दिखता है, न आल्हा गाने वाले वैसे लोक गायक। झूला अतीत से भविष्य तक की यात्रा का द्योतक ही नहीं, हमारी गतिशीलता का भी परिचायक है।

बरसात के दिनों में बनने वाले पकवान भी ऋतु का आनंद दुगुना कर देते हैं। पकौड़ी अलबत्ता जरूर अपनी जगह बनाए हुए है और राजस्थान के गोट में होने वाली दाल-बाटी-कत्त की दावतें भी अभी दौड़ में हैं। जठराग्नि मंद के इन दिनों में खाद्य-अखाद्य पर विचार करके भी बहुत से पकवान हमारी संस्कृति में विद्यमान हैं, चाहे वह कोंकणी का पंथोली हो या उत्तर भारत के भुने हुए भुट्टे और उसका कीसा। वर्षा की टिप-टिप की ध्वनि का आनंद ही कुछ और है। सूर की गोपियां कहती हैं- 'सदा रहत पावस रितु इन पे, जब ते स्याम सिधारे...'! विरहिणी नायिकाओं का दर्द इन दिनों और बढ़ जाता है। कभी गीतकार लिखते थे कि 'तुझे गीतों में ढालूंगा... सावन को आने दो...' या 'सावन के झूले पड़े'। आज के फिल्मी गीतों से भी सावन की यह उपस्थिति गायब-सी है।

न तो लेखकों का प्रकृति से वास्ता रहा, न उनके पास अवकाश। प्रकृति निरंतर हमारे दोहन और बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं का शिकार हो रही है, जिसका परिणाम कुछ वर्ष पहले हमने केदारनाथ त्रासदी के रूप में देखा। सावन केवल एक ऋतु नहीं है, यह हमारे भीतर का सुप्त राग है जो हमें झंकृत करता है और हमारे भीतर की सृजनात्मकता को नए आयाम देता है। जरूरत है उसके सुरों को पहचान कर उसमें अपना सुर मिलाने की। वर्षा की बूंदों के साथ-साथ शीतलता परोसने और सबको जीवन देने का दर्शन समझने की।

चौपाल

संकट के बादल

पश्चिम राजस्थान सहित प्रदेश के कई भागों को अब तक अच्छी बारिश का इंतजार है। यहां सूखी धरती भीगी जरूर है, लेकिन उसकी प्यास अभी अधूरी है। बरसात के इंतजार में किसानों के माथे पर बल पड़ गए हैं। पशुपालक चिंता में डूबे हुए हैं लेकिन सबसे अहम समस्या है कि बरसात के मौसम में भी पानी संकट बना हुआ है। भरपूर बारिश से सभी समस्याओं का एक साथ समाधान संभव है, लेकिन यह सब भगवान भरोसे है। कुल मिलाकर सौ मर्ज की एक दवा बरसात है।

जून माह से किसान और पशुपालक भरपूर बरसात की राह देख रहे हैं। अब जुलाई महीना भी बीत गया है लेकिन तरबतर करने वाली बारिश का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। अब तक जो थोड़ी-बहुत बरसात हुई है उससे हल्की-सी नव अंकुरित घास का स्वाद भेड़-बकरियों के मुंह में जाने लायक हुआ था पर बरसात के अभाव में यह घास भी जलने के कगार पर है। बड़े पशुओं, खासकर गायों के खाने के लायक घास कहीं नहीं है। फिलहाल संकट के बादल आम जन और खेती के साथ-साथ पशुधन पर भी मंडरा रहे हैं। बरसात नहीं होने के कारण इस बार टांकों-नाडियों पुरातन जलस्रोतों में पानी की आवक नहीं के बराबर है।

नतीजतन, पानी की जरूरत के लिए जलदाय विभाग के स्रोतों पर ही सभी की निर्भरता बनी हुई है। हालत यह है कि बरसात के मौसम में भी जलसंकट से जूझ रहे हैं। इस बिगड़ते संतुलन को देखते हुए सरकार और नागरिकों को चाहिए कि वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें व उनका संरक्षण करें। वर्षा जल के संरक्षण व समुचित संग्रह के लिए आवश्यक कदम उठा कर जल संकट से उबरा जा सकता है। जरूरत है, समय रहते कदम उठाने व उनके क्रियान्वयन करने की।

● *रावत गर्ग ऊण्डू, राजबेरा, बाड़मेर, राजस्थान*

मुफ्त का जाल

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने 200 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ करने का ऐलान किया है। विधानसभा चुनाव के पूर्व इस प्रकार की घोषणा मतदाताओं को रिझाने का प्रयास है। वैसे इन दिनों सभी दल मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के लिए अपने-अपने तरीके से चुनावों से पहले 'मुफ्त' का जाल डालते रहते हैं। ऐसी घोषणाएं अनुचित हैं जो जनता को निकम्मा तो बनाती ही हैं, अर्थव्यवस्था के लिए भी घातक हैं।

● *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन*

ऐसी खेती

असली भारत गांवों में बसता है और भारत के अन्नदाता किसान भी गांवों में निवास करते हैं। हालांकि जिन्हें देश का अन्नदाता कहा जाता है, उन्हें कभी आराम की जिंदगी नसीब नहीं होती है। आजादी और बंटवारे के बाद देश भुखमरी की मार झेल रहा था। तब कृषि क्षेत्र में हुई हरित क्रांति ने हमें न केवल अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया बल्कि आज भारत विदेशों को भी अनाज का निर्यात करता है। अब हम पेट भरने की जरूरत के इतर स्वास्थ्य संवर्धी क्षेत्रों में देखने को भी तत्पर हुए हैं। हरित क्रांति ने जहां एक तरफ अन्न भंडार भरे हैं वहीं दूसरी तरफ इसके विरुद्ध भविष्य में गंभीर परिणामों की ओर इशारा करती आवाजें भी उठी हैं। रासायनिक खेती और जीएम फसलों के उपयोग से अज्ञात बीमारियां पैदा होने और देशी फसलों के विलुप्त होने की आशंकाएं प्रकट की गई हैं।

विश्व को एक नई जैविक व प्राकृतिक खेती से परिचय कराने वाले सुभाष पालेकर को पदमश्री पुरुस्कार मिल चुका है। लेकिन यहां समस्या दूसरी है क्योंकि किसान आज भी आत्महत्या कर रहे हैं, तो अवश्य ही कृषि में घाटा हो रहा है। यह घाटा कभी प्राकृतिक आपदाओं की वजह से तो कभी अनाज की उचित कीमत न मिल पाने के कारण होता है। सुभाष पालेकर की शून्य बजट खेती में लागत शून्य होने की बात कही जा रही है पर उसमें पैदावार भी कम है और लाभ अनुपात भी कम है। एक तरफ देश में किसान के नाम पर वे लोग हैं जो बड़े स्तर पर व्यापारिक लाभ कमाने के लिए खेती करते हैं तो दूसरी ओर छोटे किसान भी हैं जिन्हें खेती से ही खाना, कमाना और परिवार का पेट पालना है। रसायनों से मुक्त फसलों की चिंता अमीरों के विचार-विमर्श आदि का विषय हो सकता है लेकिन किसान का जीवन भर एक ही प्रयास रहता है- परिवार को सुख चैन से बसर करते देखना। लिहाजा, जो सर्वमंगलमय हो खेती का वही तरीका श्रेष्ठ है।

● *चंद्रकांत, एएमयू,अलीगढ़*

असुरक्षित बेटियां

उन्नाव दुष्कर्म मामले में देखना होगा कि सरकार और कानून दोषियों को सख्त सजा दे पाएंगे या फिर यह मामला भी तब ठंडा पड़ जाएगा जब मीडिया इससे अपना ध्यान हटा लेगा। अक्सर देखा गया है कि जब तक कोई मामला मीडिया में सुर्खियां बना रहता है तब तक सरकारें और कानून के रखवाले इस पर सतर्क रहते हैं, लेकिन जब मीडिया मामले से ध्यान हटा लेता है तब सरकारें और कानून भी कुंभकर्णी नींद सो जाते हैं। उन्नाव कांड में एक राजनीतिक पार्टी के नेता का नाम आने से आमजन के बीच यह गलत संदेश गया कि राजनीति में नैतिकता का पतन हो चुका है और अपराध राजनीति की छत्रछाया में पल रहा है। बेशक यह बहुत शर्मनाक है कि आजाद भारत में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

बलात्कार की घटना मुल्क के किसी भी कोने में क्यों न हो, वह देश में बेटियों के असुरक्षित होने को उजागर करती है और सरकारों के बेटियों की सुरक्षा के दावों के झूठ की पोल खोलती है। समय-समय पर लड़कियों और मासूम बच्चियों के साथ हैवानों की दरिंदगी की खबरें रूह तक कंपा देती हैं। आखिर ऐसे हैवान फांसी के फंदे तक क्यों नहीं पहुंचते? क्यों सरकारें और कानून इन दरिंदों को सख्त सजा देने में देरी करते हैं? देश में बच्चियों के साथ बढ़ते अपराध बहुत बड़ी चिंता का विषय हैं। अगर इन पर नकेल कसने के लिए अभी गंभीरता नहीं दिखाई गई या सरकार और समाज ने इस दिशा में मिलजुल कर प्रयास नहीं किए तो आने वाला समय इससे भी विकट हो सकता है।

● *राजेश कुमार चौहान, हरगोबिंद नगर, जालंधर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

कौन होगा नेता

दिल्ली कांग्रेस को सूबे में पार्टी की अगुआई करने के लिए कोई दमदार नेता नहीं मिल रहा है। इसलिए किसी बाहर के नेता की खोज की जा रही है। शीला दीक्षित के निधन के बाद खाली हुई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी पर किसे बिठाया जाए, यह बड़ा सवाल है। जहां तक इस कुर्सी के हकदार नेताओं का सवाल है तो इस फेहरिस्त में कई नाम हैं जैसे अजय माकन, संदीप दीक्षित, जयप्रकाश अग्रवाल, अरविंदर सिंह लवली, सुभाष चोपड़ा, डॉ योगानंद शास्त्री, महाबल मिश्रा, हारुन युसूफ, देवेंद्र यादव और राजेश लिलोठिया। सवाल यह है कि इतने नाम होने के बावजूद पंजाब से नवजोत सिंह सिद्धू या बिहार से शत्रुघ्न सिन्हा अथवा यूपी से आरपीएन सिंह को बुलाने की चर्चा क्यों हो रही है। इस सवाल का जवाब बड़ा दिलचस्प है। चर्चा यह है कि दिल्ली के इन तमाम नेताओं में से कोई भी एक ऐसा नेता नहीं है जिसके साथ सभी मिलकर काम करने को तैयार हों। सभी आपस में एक-दूसरे की टांग खिंचाई करने वाले हैं। अजय माकन के नाम पर संदीप दीक्षित या जयप्रकाश अग्रवाल को आपत्ति हो सकती है तो अरविंदर सिंह लवली को बनाने पर भी विरोध करने वाले कम नहीं हैं। जयप्रकाश अग्रवाल को कुर्सी दी जाए तो टांग खिंचाई करने वाले कई नाम हैं। इसलिए पार्टी हाईकमान किसी ऐसे नाम को आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है जो सबको स्वीकार भी हो और जिसमें कुछ कर सकने का माद्दा भी हो। इस श्रेणी में नवजोत सिंह सिद्धू बिल्कुल सही साबित हो रहे हैं, इसलिए उन्हें दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की चर्चा जोरदार है।

बेबाक बोल

औरतों को मजबूत करने के किसी भी कदम को सामंती मानसिकता मर्द और परिवार को कमजोर करने वाला करार देती है। फौरी तीन तलाक का सबसे घिनौना पक्ष यह है कि उसके बाद मर्द अगर अपनी बीवी को फिर से अपनाना भी चाहेगा तो औरत को हलाला से गुजरना होगा। सदियों तक तीन तलाक और हलाला के खौफ से गुजरने वाली औरतों के हक में भारतीय संसद ने ऐसा कानून पास किया है कि मर्दों को अब उनकी खुद्दारी पर हमला करने में खौफ होगा। नरेंद्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल में फौरी तीन तलाक के खिलाफ मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई थी और इस बार ऐसा सदन प्रबंधन किया कि तीन तलाक के पक्ष में बोलने वाला खुद को मुसलिम महिलाओं के खिलाफ खड़ा पा रहा था। औरत का मजबूत होना किसी भी तरह से परिवार का कमजोर होना नहीं है। 'जेंडर जस्टिस' पर चल रहे बीच बहस में बेबाक बोल।

सदियों की सजा

मुकेश भारद्वाज

शाहबानो...

'लम्हों की खता सदियों की सजा बन जाती है', मुख्तार अब्बास नकवी ने राज्यसभा में इस पंक्ति से कांग्रेस को शाहबानो पर की गई गलती तो याद दिला दी, लेकिन फौरी तीन तलाक को आपराधिक बनाने वाले कानून के खिलाफ विपक्ष के नेता कश्मीर की 'अधूरी विधवाओं' का क्या, सामूहिक भीड़ की हिंसा में मारे गए लोगों की विधवाओं का क्या, इसका क्या और उसका क्या में उलझ गए। एक समुदाय की महिलाओं के हक के फैसले को दूसरे समुदाय के हक के तराजू पर तौला जाने लगा। क्या यातना और वर्जनाओं को तुला पर तुलनात्मक तौला जा सकता है? एक दर्द की पैमाइश दूसरे दर्द से की जा सकती है।

तीन तलाक की लड़ाई न तो भाजपा की है और न कांग्रेस की। इस लड़ाई की बुनियाद में हैं कमजोर तबके की मुसलिम महिलाएं। आंकड़ों की बात करें तो तीन तलाक से प्रभावित होने वालीं 75 फीसद मुसलिम महिलाएं कमजोर तबके की होती हैं। उनके दर्द को समझना हो तो गूगल की खोज इंजन पर शाहबानो लिख दीजिए। पुराने अखबारों, पत्रिकाओं में शाहबानो के संघर्ष और उस पर राज्य द्वारा की गई नाइंसाफी को समझिए। कांग्रेस की सरकार ने जिस तरह शाहबानो पर आए फैसले को पलटा था उसका संदेश यही था कि निकाह जैसी संस्था में औरत को दोयम दर्जे पर रखना है।

शाहबानो के नाती फौरी तीन तलाक पर बने कानून पर कहते हैं, 'मेरी नजर में एक अच्छी बात को गलत तरीके से पेश किया गया है। इस विधेयक में जो फौजदारी अंश जोड़ा गया है, उससे इसका उसी तरह दुरुपयोग हो सकता है, जिस तरह भारतीय दंड विधान की धारा 498-ए (दहेज प्रताड़ना) के गलत इस्तेमाल की शिकायतें हमारे सामने आती हैं।' शाहबानो की अगली पीढ़ी सहित एक बड़ा तबका इसे फौजदारी बनाने का विरोध कर इसको दहेज कानून के दुरुपयोग के तर्क में डाल रहा है। दुनिया भर में हर कानून का बेजा इस्तेमाल होता है। लेकिन इस बेजा इस्तेमाल पर तवज्जो ज्यादातर महिलाओं के लिए बने कानून पर ही दी जाती है चाहे वह घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या फौरी तीन तलाक पर बना नया कानून हो। भारत में दहेज की कुप्रथा सदियों से चली आ रही है और इसके खिलाफ कानून बनाया गया। दहेज कानून भी शादी के अंदर फौजदारी मामला लाता है। दहेज की मांग शादी जैसी संस्था में ही की जाती है। इसके लिए लाखों लड़कियों को जला कर मार दिए जाने की बर्बरता, अन्य तरह के उत्पीड़न को रोकने के लिए ही सख्त कानून लाया गया था। इसके दुरुपयोग के चंद मामलों की तुलना में उन लाखों स्त्रियों का क्या जो जिंदा जला दी गईं या अन्य तरह के उत्पीड़न से तिल-तिल कर मरने को मजबूर कर दी गईं। दहेज कानून से शादी जैसी संस्था कमजोर नहीं हुई, हां वे औरतें जरूर मजबूत हुई हैं जो इस कुप्रथा की आग में जलने के बजाए कानूनन लड़ना पसंद करती हैं। इसमें भी यह कुतर्क दिया जा सकता है कि पति या ससुरालवालों के जेल जाने पर औरतों और बच्चों की परवरिश कौन करेगा? औरत और बच्चों की परवरिश के नाम पर क्या औरतों को जलाने की छूट मिलती रहनी चाहिए? जो औरत कानून के जरिए लड़ सकती है वह अपनी मेहनत से कमा कर अपना और अपने बच्चों का पेट भी भर सकती है।

आम तौर पर पुरुष तलाक तभी देता है जब उसे दूसरा निकाह करना

होता है। महज तीन बार तलाक बोल कर वह नई दुनिया बसाने को आजाद है लेकिन औरतों के सामने इंसानियत को शर्मसार करने वाली हलाला कुप्रथा भी है। मर्द फौरी तीन तलाक बोलने के बाद अगर बीवी के पास फिर लौटना चाहेगा तब औरत को हलाला पर हलाल होना ही होगा। सदियों तक हलाला के खौफ में जीने वाली औरतें आज मर्द को कानून का खौफ दे सकती हैं तो इसमें नाइंसाफी कहां है। कई विद्वान और कानूनविद यही तर्क दे रहे कि मर्द जेल चला जाएगा तो औरतों का गुजारा कैसे चलेगा। इस आधार पर अहम यह है कि कोई औरत पुलिस में शिकायत तो तब ही दर्ज कराएगी जब उसे इस बात का भरोसा हो कि वह अपना भरण-पोषण खुद कर लेगी। यहां पर परिवार की भी बात है। इस जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने पर उसे मायके या अन्य परिजनों का भी तो साथ मिल सकता है। औरत के वजूद को, उसके भरण-पोषण को सिर्फ शौहर की कमाई से जोड़ने वाले जरा अपने आसपास खेतों-खलिहानों, निर्माण स्थलों, कारखानों में नजर डाल दें तो पता चल जाएगा कि परिवार के गुजर-बसर में महिलाओं की कमाई का कितना योगदान रहता है। ये लोग उस मध्यकालीन जमाने की बात कर रहे हैं जहां औरतें रसोई तक सीमित थीं। यह औरत को तय करने दीजिए कि वह हलाला के बरक्स अपनी खुद्दारी चुने या शौहर की कमाई।

कई लोगों ने आश्चर्यजनक ढंग से तर्क दिया कि तीन तलाक आपराधिक बनेगा तो शौहर तलाक देने के बजाए बीवी पर जुल्मो-सितम बढ़ा देगा। यह तर्क देकर आप भारतीय समाज और कानून को जंगल राज के रूप में ही देखते हैं। तो क्या बीवी पर अत्याचार करने वाला शौहर घरेलू हिंसा कानून के दायरे में नहीं आएगा? संसद और कानून द्वारा औरतों को मिले हर हक को सबसे पहले परिवार पर ही खतरा बताया जाता है। औरतों को मजबूत करने की कोशिश को मर्दों के खिलाफ मान लिया जाता है।

राम रहीम जैसा कद्दावर चरित्र जिसे सत्ता का भी संरक्षण प्राप्त था, उसे अदालत ने बलात्कार के मामले में दोषी करार दिया तो पूरी दुनिया उन दो साध्वियों के हौसले से ताज्जुब में थी जिसने कथित सर्वशक्तिमान के खिलाफ आवाज उठाई थी। तीन तलाक के मामले में सत्ताधारी पार्टी उन महिलाओं के साथ खड़ी भर हुई जो इसके लिए तीन दशकों से लड़ रही थीं। लड़ाई में साथ देकर निर्णायक मोड़ पर लाने वाले विजेता की श्रेणी में ही आ जाते हैं। नेता को पता है कि उसकी मजबूती जनता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में ही फौरी तीन तलाक के खात्मे को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई थी। लाल किले से दिए अपने भाषण में भी इसे प्रमुखता से रखा। जहां राजनीतिक विश्लेषक इसे ध्रुवीकरण का मामला बताने में जुटे थे उसके उलट नरेंद्र मोदी ने इसे सामाजिक न्याय का स्वरूप देने में कामयाबी पाई। इस मसले पर सदन प्रबंधन भी ऐसा रहा कि अन्य दलों को अहसास हो गया कि तीन तलाक के पक्ष में खड़े होने का मतलब औरतों के खिलाफ खड़े होना है।

फौरी तीन तलाक पर कानून के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार ने साबित किया कि मजबूत सरकार के क्या मायने होते हैं। हज सबसिडी से लेकर इस ताजा विधेयक तक में भाजपा को चेताया जाते रहा कि पूरा मुसलिम वोट बैंक उसके खिलाफ हो जाएगा। लेकिन अब दिख रहा है कि हज पर सबसिडी खत्म होने के बाद हाजियों की संख्या बढ़ी है और गिने-चुने लोगों को छोड़ कर आम मुसलिम तबके ने इसका जरा भी विरोध नहीं किया। किसी महिला हाजी के साथ पुरुषों के जाने की अनिवार्यता भी खत्म की गई। मजे की बात यह है कि सऊदी अरब के समाज में ऐसी कोई परंपरा नहीं है कि औरत किसी मर्द के साथ ही हज पर जाए। यह यहां के मजहबी उस्तादों का जोड़ा हुआ पुछल्ला था।

दुनिया के ज्यादातर देश बहुत पहले ही अपने यहां फौरी तीन तलाक को समाप्त कर चुके हैं लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से कई विद्वान औरत को तोड़ने वाली इस कुप्रथा को परिवार को जोड़ने वाला बता रहे हैं। इस 'जेंडर जस्टिस' में भाजपा आगे निकली क्योंकि उसने वोट बैंक के बिगाड़ के डर से औरतों के हक पर ईमान की बात नहीं छोड़ी। इंटरनेट पर जाकर संसद में तीन तलाक पर हुई बहस को गौर से सुनें। यह बहस भारत के सामाजिक इतिहास में अहम रहेगी, और आगे की तारीखों में एक बार फिर साबित होगा कि बदलाव का साथ देने वाले ही तारीखी होते हैं।

'सब ने पढ़ रक्खा था सच की जीत होती है मगर
था भरोसा किस को सच पर सच को सच कहता तो कौन'

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं।
हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

आपके पत्र

राजनीति का खुला बाजार

'दलदल' के बेबाक चित्रण ने सही रेखांकित किया है कि अवसरवादिता की राजनीति के खुले बाजार में गोवा से कर्नाटक तक थोक भाव में दलबदल के खेल खेले गए। सत्ता के स्वाद में वही नशा दिख रहा है जिसकी चर्चा लेख में की गई है। सिद्धांत और सुचिता की कृत्रिमता के नेपथ्य में राजनैतिक आचरण से 'नूतन भारत' के निर्माण की जो पटकथा रची जा रही है वह अल्पकालिक रूप से विश्व विजेता को राजतिलक से अभिषेक कर ले, लेकिन किंकर्तव्यविमूढ़ और आशावान मतदाताओं के गहरे विश्वास का चीरहरण तो कर ही रहा है। काश! दूसरे दल से खुदरा या थोक भाव में आनेवाले बाहुबलियों के लिए दरियादिली का द्वार बंद कर देश के सामने घोषित 'नए भारत' के समक्ष एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया जाता तो खरीद-फरोख्त से अधिक लाभ उन्हें मिलने की गुंजाइश होती। सारांश यही दिखता है, 'मकतबे इश्क का अंदाज निराला देखा, उसको छुट्टी न मिली जिसने सबक याद किया'।

-डॉक्टर अशोक कुमार, पटना।

नैतिकता के खिलाफ

किसी राजनीतिक दल का हिस्सा बनना हर हिंदुस्तानी का संवैधानिक हक है। मगर संविधान किसी चुने हुए प्रतिनिधि को यह हक कतई नहीं देता कि अपने समर्थकों और मतदाताओं की पसंद के खिलाफ राजनीतिक पाले बदल ले। दलबदल संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हो न हो तय रूप से जनता से धोखाधड़ी है। किसी चुने हुए प्रतिनिधि का अपनी पार्टी से मतभेद बेशक हो मगर नई पार्टी में शामिल होने या बनाने से पहले जनता को वजह क्यों न बताई जाए? जन प्रतिनिधियों को याद रखना चाहिए कि वो जनता के प्रतिनिधि हैं न कि किसी दल के। माना कानून में संवैधानिक बदलाव संभव है मगर डाल-डाल, पात-पात के खेल में माहिर नेताओं की मानसिकता को बदल पाना आसान भी तो नहीं।

-एमके मिश्रा, मां आनंदमयीनगर, रातू।

लोकतंत्र के लिए खतरा

कर्नाटक में जो सरकार के गिरने-गिराने का ड्रामा चला, उसके पीछे राजनीति पर हावी होता अवसरवाद भी कारण हो सकता है। हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने अपनी एक किताब 'पाथवेज टु ग्रेटनेस' में अपना एक विचार लिखा था कि 'नेताओं को देश के लिए एक दृष्टिकोण अपनाकर और विकासात्मक राजनीति का हिस्सा बनकर सभ्य समाज के लिए उदाहरण पेश करना चाहिए। लेकिन अफसोस की बात है कि आज हमारे देश में बहुत से सत्ताधारी और राजनेता हर बात और काम पर राजनीति की रोटियां सेंकने का बहाना खोजते हैं। हमारे देश की राजनीति से अब विचारों के साथ देश के विकास के मुद्दे भी उड़न छू हो गए हैं। कोई भी राजनीतिक दल बुरा नहीं होता, लेकिन जब किसी दल में स्वार्थी लोग शामिल हो जाते हैं तो वे इस दल की छवि को धूमिल करते ही हैं, साथ ही लोकतंत्र को भी कमजोर करते हैं। कुछ भी हो लेकिन भारत में राजनीतिक अवसरवाद तेजी से बढ़ रहा है। यहां कुछ राजनेता अपने स्वार्थ को सर्वोपरि मानते हुए गिरगिट की तरह बदलने लगे हैं और गठबंधन, महागठबंधन और दल-बदलू की राह पर भी चलते हैं, जो कि दुनिया के लोकतंत्र के लिए जरा भी उचित नहीं है। आम जन को राजनीतिक तौर पर जागरूक हो बढ़ती अवसरवाद की राजनीति को रोकने के लिए हरेक चुनाव, चाहे वो राज्य के विधानसभा चुनाव हो या आम चुनाव में गंभीरता दिखानी चाहिए।

- राजेश कुमार चौहान, जंलंधर।

बाजार में लोकतंत्र

कोई सिद्धांत नहीं, कोई लोकतांत्रिक मर्यादा नहीं। लोकतंत्र की जगह सिद्धांतविहीन तंत्र का जनता से किए गए अपने वादे, राजनैतिक वचनबद्धता का कोई मूल्य नहीं। दलीय चुनाव की कोई सार्थकता और औचित्य नहीं। बाजार में जैसे घोड़े की तरह विधायक बिकने को तैयार हैं और नीलामी की तरह बोली लग रही है। जहां से भी ढेर सारा पैसा और सत्ता की मलाई खाने का प्रलोभन मिलेगा ये अवसरवादी नेता वहीं बिकने को तैयार होंगे।

-निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद।

राजपाट

नया टोटका

लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से लगे झटकों से उबरने की कोशिश में जुट गई हैं ममता बनर्जी। अगले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख कर अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कायाकल्प के लिए नई कवायद शुरू की है। उसके तहत उन्होंने इस हफ्ते पार्टी के एक हेल्पलाइन नंबर और एक वेबसाइट की शुरुआत भी कर दी। इसके जरिए आम आदमी सीधे मुख्यमंत्री तक अपनी समस्याएं पहुंचा सकेगा। दीदी के बोलो यानी दीदी को बोलो अभियान के तहत शुरू हुई है यह कवायद। इसके तहत अब पार्टी के एक हजार से ज्यादा नेता और कार्यकर्ता बंगाल के विभिन्न गांवों में जाएंगे। स्थानीय लोगों के साथ समय बिताएंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। योजना की शुरुआत करते हुए ममता ने इसे तृणमूल कांग्रेस के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा बताया। उधर, अपनी खिसकती जमीन को बचाने के लिए बीते दिनों चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की सेवाएं लेने का भी पार्टी ने फैसला किया था। ताजा कवायद को पीके की योजना का ही हिस्सा माना जा रहा है। बकौल ममता हेल्पलाइन नंबर व वेबसाइट के जरिए लोग सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं और अपनी समस्याओं के बारे में बता सकते हैं। सरकार उनकी समस्याओं को दूर करने का भरसक प्रयास करेगी। लक्ष्य अगले सौ दिनों के दौरान पार्टी के एक हजार से ज्यादा नेता और कार्यकर्ता राज्य के 10 हजार गांवों में भेजने का रखा है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों को लगता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा से मिले झटके के बाद ममता बनर्जी ने 2021 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की छवि को सुधारने और अपनी जमीन बचाने के लिए आम आदमी की शरण में जाना ही बेहतर माना है। यूं भी लोकतंत्र में माई-बाप तो मतदाता ही होता है। उसका साथ बना रहे तो कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे मोदी और शाह।

(संकलन : मनोज मिश्र)

इंतजार सूबेदार का

राजस्थान में पिछले दो महीने से नेतृत्वहीन है भाजपा। मदनलाल सैनी के निधन से खाली पड़ी है प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी। रौबदार और दमदार कुर्सी है तो दावेदारों की लंबी कतार होना भी स्वाभाविक ठहरा। पर किंतु-परंतु कई हैं। आलाकमान इस कुर्सी पर अब ऐसे नेता को बैठाने के फेर में बताया जाता है जो वसुंधरा राजे की खुद तो हाजिरी बजाता ही न हो, सामने देख मुंह और मोड़ ले। हालांकि वसुंधरा इन दिनों विदेश प्रवास पर हैं। पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है तो चलता रहे। उन्हें क्या सरोकार। विधानसभा चुनाव की हार के बाद से आलाकमान ने तो वैसे भी महारानी को हाशिए पर धकेल रखा है। बची-खुची कसर लोकसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी कर दी। वसुंधरा उसके बाद से तो पार्टी की मुख्य धारा से बाहर ही की जा चुकी हैं। उधर विधानसभा का बजट सत्र जारी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विरोधी दल की सबसे कद्दावर नेता की गैर मौजूदगी पर तंज क्यों न कसते। पूछ लिया कि वसुंधरा राजे भाजपा में हैं भी या नहीं। भाजपा के किसी विधायक से जवाब देते नहीं बना। हां, सूबे का हर भाजपाई नए सूबेदार के लिए बेसब्र है। यों पार्टी का ढांचा खासा पुख्ता है पर कप्तान के बिना टीम स्वाभाविक खेल कहां दिखा पाती है। नए सूबेदार के तौर पर पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का नाम उभरा था। केंद्र की नई सरकार में उन्हें मंत्री पद नहीं मिलने से चर्चा में दम दिखा था। लेकिन अब उनका नाम सुर्खियों से परे है। पेच आरएसएस की पसंद का भी फंसा है। सो सतीश पूनिया, मदन दिलावर और वासुदेव देवनानी के नाम भी उभरे हैं। तीनों विधायक भी हैं और आरएसएस के वफादार भी। संगठन के काम का अनुभव भी है। गुटबाजी से दूर हैं। चर्चा है कि भाजपा किसी जाट या ब्राह्मण को सौंपना चाहती है राजस्थान का जिम्मा। चित्तौड़ के सांसद सीपी जोशी बतौर ब्राह्मण और सतीश पूनिया जाट के नाते लाबिंग कर रहे हैं। यों कोशिश में अरुण चतुर्वेदी भी लगे हैं। कुछ नाम वसुंधरा खेमे ने भी आगे बढ़ाए थे। पर आलाकमान ने नकार दिए। साफ है कि आरएसएस की हरी झंडी मिलने पर ही अपना फैसला सुनाएंगे आलाकमान।

हवाई किले

मसूरी में आयोजित 11 पर्वतीय राज्यों का पहला सम्मेलन कोई छाप नहीं छोड़ पाया। यहां तक कि भाजपा की ही सत्ता वाले असम के किसी नुमाइंदे ने भी इसमें शिरकत करने की जरूरत महसूस नहीं की। जिन दस राज्यों ने शिरकत की, उनमें से भी मुख्यमंत्री केवल चार ही पहुंचे। चार में भी एक तो मेजबान त्रिवेंद्र सिंह रावत खुद ही थे। बाकी छह राज्यों से या तो कोई मंत्री आया या अफसर। उत्तराखंड सरकार ने इसके प्रचार-प्रसार में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। मानो यह कोई यादगार आयोजन होने वाला है। पर आखिर में खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत ही चरितार्थ हुई। गनीमत रही कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण पहुंच गईं। उनके कारण केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और नीति आयोग के उपाध्यक्ष भी आ गए। हां उत्तराखंड सरकार के अफसरों की पूरी फौज दिखी। नतीजतन मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन नौकरशाहों का सम्मेलन बन कर रह गया। इसके बावजूद मेजबान मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय भट्ट ने इसे ऐतिहासिक और बेहद सफल सम्मेलन बता अपनी पीठ खुद ठोकने से कोई गुरेज नहीं किया। जबकि उत्तराखंड कांग्रेस के सूबेदार प्रीतम सिंह और पूर्व सूबेदार किशोर उपाध्याय ने इस महंगे आयोजन की सार्थकता पर सवाल उठा दिए। तंज कसा कि किसी मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को गंभीरता से लिया ही नहीं। पानी की तरह पैसा बहाना व्यर्थ गया। वैसे भी उत्तराखंड में अफसर शाही कुछ ज्यादा ही हावी है। कई बार तो मुख्यमंत्री की घोषणाओं तक को गंभीरता से नहीं लेते अफसर। पिछली समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री खुद अपनी कई अहम घोषणाओं के धरातल पर नहीं उतरने की जानकारी से लाल-पीले हो गए थे। लेकिन नौकरशाही तो नौकरशाही ठहरी। अपने ही ढर्रे से करती है अपना काम।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

जम्मू-कश्मीर में बलों की तैनाती आंतरिक सुरक्षा स्थिति पर आधारित : गृह मंत्रालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती वहां की सुरक्षा की स्थिति और फेरबदल की जरूरत पर आधारित होती है और ऐसी बातों पर सार्वजनिक तौर पर चर्चा नहीं की जा सकती। केंद्रीय बलों की 100 कंपनियों (10,000 सैनिकों) को एक हफ्ते पहले भेजी गई थीं। इसके बाद गुरुवार से 28 हजार और जवान भेजे जा रहे हैं।

गृह मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, 'आंतरिक सुरक्षा स्थिति, प्रशिक्षण की जरूरतों, आराम एवं स्वस्थ हो जाने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती में फेरबदल की जरूरत, केंद्रीय बलों की तैनाती एवं वापसी एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।' तैनाती और किसी खास क्षेत्र में तैनात अर्धसैनिक बलों की गतिविधि के ब्योरे पर सार्वजनिक तौर पर कभी भी चर्चा नहीं की जाती।

जम्मू-कश्मीर में डर का माहौल : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, दो अगस्त।

जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों के लिए जारी परामर्श एवं अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के मद्देनजर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर से संबंधित नीति नियोजन समूह की बैठक हुई। इसमें राज्य के हालात पर चिंता जताते हुए कहा गया कि इस प्रदेश को मिली संवैधानिक गारंटी बरकरार रखी जानी चाहिए। सरकार के ताजा परामर्श को लेकर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भी तीखी प्रतिक्रिया जताई है।

कांग्रेस पार्टी के जम्मू-कश्मीर नीति नियोजन समूह की बैठक के बाद राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने एक बयान में कहा कि ताजा घटनाक्रमों से राज्य के लोगों में असुरक्षा और डर का माहौल पैदा हो रहा है। सरकार के इरादे को लेकर अफरा-तफरी और चिंता पैदा हो रही है। बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था करने, अमरनाथ यात्रा में कटौती करने, पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों और दूसरे लोगों के लिए परामर्श जारी करने से गहरी असुरक्षा और डर का माहौल पैदा हो रहा है।

दूसरी ओर, नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भी कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, 'ऐसा जान पड़ता है कि यह अप्रत्याशित आदेश अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों पर बड़े आतंकवादी हमले के वास्तविक भय को दर्शाता है। घाटी में डर का जो माहौल है, उसमें इससे कोई कमी नहीं आने वाली है।'

पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि केंद्र ने राज्य में 'सैन्य ताकत' और 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' जैसी तकनीकी आजमाई है। उन्होंने ट्वीट किया, 'पहले जरूरी सामानों की आपूर्ति का भंडार खड़ा करने के निजी आदेश आए और लोगों के मन में एक संदेश गया। अब इस तरह की खबरों से दहशत पैदा होगी। अब तक भारत सरकार ने जम्मू- कश्मीर के संबंध में सैन्य ताकत और मनोवैज्ञानिक युद्ध जैसी तकनीकी अपनाई है। कोई भी कारगर नहीं होगा।'

सीबीआइ का विशेष दल गठित

पेज 1 का बाकी

फोरेंसिक विशेषज्ञ पहले ही अपराध स्थल पर पहुंच चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि फोरेंसिक टीम एक स्विफ्ट कार ले गई है। गत रविवार को हुई दुर्घटना में पीड़िता इसी कार से जा रही थी। यह 20 सदस्यीय विशेष टीम लखनऊ में पांच सदस्यीय टीम की मदद करेगी जो कि मामले की पहले ही जांच कर रही है।

उधर, सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस के पीठ ने सीबीआइ की ओर से महान्यायवादी तुषार मेहता के इस कथन का संज्ञान लिया कि पिछले रविवार को हुई इस दुर्घटना की जांच अभी जारी है। मेहता ने कहा कि चूंकि दुर्घटना संबंधी इस मामले की जांच अभी चल रही है, इसलिए कानूनी प्रावधानों के तहत इसका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। उन्होंने पीठ से अनुरोध किया कि इसकी जांच पूरी होने तक इस मामले का स्थानांतरण विलंबित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को जांच ब्यूरो को इस मामले की जांच का काम सात दिन के भीतर पूरा करने का आदेश देने के साथ ही उन्नाव कांड से संबंधित पांच मामले दिल्ली की अदालत में स्थानांतरित कर दिया था।

उन्नाव कांड : पीड़िता और वकील की हालत स्थिर

लखनऊ, 2 अगस्त (भाषा)।

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई उन्नाव बलात्कार मामले की पीड़िता और उसके वकील की हालत शुक्रवार को छठे दिन स्थिर बनी हुई है।

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के मीडिया प्रभारी डॉ. संदीप तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि पीड़िता अब भी वेंटिलेटर पर है और उसे बुखार है लेकिन उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पीड़िता के वकील को अब वेंटिलेटर से हटा लिया गया है।

डॉ. तिवारी ने एजंसी को बताया कि पीड़िता को बृहस्पतिवार शाम वेंटिलेटर से कुछ समय के लिए हटाया गया था लेकिन उसकी हालत खराब होने के कारण उसे दोबारा वेंटिलेटर पर रख दिया गया। पीड़िता के गले में छोटा सा छेद करके (ट्रैकियोस्टोमी) टयूब से उसे ऑक्सीजन दी जा रही है। पीड़िता को बृहस्पतिवार रात से हल्का बुखार है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है। पीड़िता अभी बेहोश है। डॉक्टरों की टीम 24 घंटे उसकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि घायल वकील को बृहस्पतिवार शाम वेंटिलेटर से हटा दिया गया था और उन्हें भी गले में छेद करके (ट्रैकियोस्टोमी) टयूब से ऑक्सीजन दी जा रही है। उनकी तबियत स्थिर है। डॉ. तिवारी ने बताया कि जब कोई भी मरीज चार दिन से ज्यादा वेंटिलेटर पर रहता है तो उसे ऑक्सीजन देने के लिए ट्रैकियोस्टोमी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इससे मरीज को पर्याप्त ऑक्सीजन भी मिलती रहती है और फेंफड़ों आदि की सफाई करने में भी आसानी होती है।

उन्होंने कहा, हम पीड़िता और उसके वकील का इलाज करने में पूरी तरह से समर्थ है और केजीएमयू के सबसे अच्छे डाक्टरों की टीम दोनों का इलाज कर रही है। उन्होंने कहा कि पीड़िता और वकीलों के परिजन की भी यह इच्छा है कि दोनों का इलाज लखनऊ में ही कराया जाए।

अनुच्छेद 370 और 35-ए पर उचित समय पर फैसला करेगी सरकार : भाजपा

नई दिल्ली, 2 अगस्त (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 और 35-ए पर मोदी सरकार उपयुक्त समय पर उचित फैसला करेगी, जो जम्मू कश्मीर के हित में होगा। राज्य में भाजपा के उपाध्यक्ष ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जब भी चुनाव होंगे तब पार्टी अपने दम पर सरकार का गठन करेगी। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 और 35-ए पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों अनुच्छेदों पर क्या होगा, यह तो समय ही बताएगा।

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उपयुक्त समय पर उचित फैसला लेगी, जो जम्मू कश्मीर और देश के हित में होगा।' खन्ना जम्मू कश्मीर के संगठनात्मक मामलों के लिए पार्टी के प्रभारी हैं। बुधवार को उन्हें राज्य में चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया। पूर्ववर्ती पीडीपी-भाजपा सरकार पर चर्चा करते हुए खन्ना ने कहा कि वह अपूर्ण सरकार थी। उन्होंने कहा, 'जम्मू कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे तब भाजपा राज्य में अपने दम पर सरकार बनाएगी।' उन्होंने राज्यपाल सत्यपाल मलिक की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य में विश्वास का माहौल पैदा हुआ है।

लोकसभा में जलियांवाला बाग संशोधन विधेयक पास

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

लोकसभा ने शुक्रवार को जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक (संशोधन) विधेयक, 2019 को मंजूरी प्रदान कर दी। इसमें न्यासियों में से कांग्रेस अध्यक्ष के नाम को हटाने और लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को न्यासी बनाने का प्रावधान शामिल किया गया है। विधेयक पर विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेस ने सदन से वाकआउट किया।

जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक अधिनियम, 1951 में संशोधन के लिए लाए गए विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जलियांवाला बाग एक राष्ट्रीय स्मारक है और घटना के सौ साल पूरे होने के अवसर पर हम इस स्मारक को राजनीति से मुक्त करना चाहते हैं। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान की। इससे पहले सदन ने विधेयक पर विचार करने के प्रस्ताव को 30 के मुकाबले 214 मतों से स्वीकृति प्रदान की। विधेयक पारित होने के दौरान कांग्रेस ने सदन से वाकआउट किया।

पटेल ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्मारक है और यह राजनीति का स्मारक मात्र नहीं हो सकता। उन्होंने सरकार पर इतिहास बदलने के कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इतिहास को कोई नहीं बदल सकता। आज हम इतिहास बदल नहीं रहे, बल्कि जलियांवाला बाग स्मारक को राजनीति से मुक्त कर राष्ट्रीय स्मारक बनाकर राजनीति रच रहे हैं।

पटेल ने कहा कि स्मारक की स्थापना के समय जवाहरलाल नेहरू, सैफुद्दीन किचलू और अब्दुल कलाम आजाद इसके स्थायी ट्रस्टी थे और इनके निधन के कई साल बाद भी कांग्रेस को स्थायी ट्रस्टियों के पद भरने की याद नहीं आई। यह विवाद का विषय नहीं है। कांग्रेस को स्मारक के इतिहास की इतनी चिंता है तो उसने स्मारक के ट्रस्टी में सरदार उधम सिंह के परिवार के किसी सदस्य को क्यों नहीं शामिल किया? कांग्रेस का दावा है कि स्मारक के लिए कांग्रेस ने जमीन खरीदने को पैसा दिया। जबकि सबसे पहले पैसा इकट्ठा करने की शुरुआत आम आदमी ने की थी और आम आदमी ने ही शहादत दी थी। कांग्रेस ने बाद में पैसा दिया।

उन्होंने कहा कि देश में ऐसे कई स्मारक हैं जिन्हें चिह्नित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृति, इतिहास को पुनः लिखा नहीं जा सकता लेकिन उसका पुनः निरीक्षण होना चाहिए। कांग्रेस के लिए यह केवल ट्रस्ट, स्मारक हो सकता है। लेकिन हम जानते हैं कि यह हमारे बलिदानी पुरखों के खून का यादगार स्थल है।

आतंकवाद की जांच में बढ़े एनआइए के अधिकार

पेज 1 का बाकी

आशंकाओं को निराधार करार दिया और समझौता एक्सप्रेस विस्फोट मामले का उदाहरण देते हुए तत्कालीन कांग्रेस नीत सरकार पर आतंकवाद को एक धर्म विशेष से जोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उन्होंने इस विधेयक के प्रावधानों का बचाव करते हुए कहा कि इसके प्रावधान जांच एजंसियों को आतंकवाद से चार कदम आगे रखने के लिए हैं। राज्यसभा ने यूएपीए विधेयक को 42 के मुकाबले 147 मतों से मंजूरी दी। सदन ने विपक्ष द्वारा इसे प्रवर समिति में भेजने के प्रस्ताव को 85 के मुकाबले 104 मतों से खारिज कर दिया। लोकसभा ने इसे पिछले हफ्ते ही मंजूरी दे दी थी।

विधेयक में व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने के प्रावधान के दुरूपयोग होने की आशंका को निर्मूल ठहराते हुए शाह ने कहा कि आतंकवाद से मुकाबले के लिए ऐसा करना जरूरी है। शाह ने कहा कि हमें इस बात को समझना होगा कि व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि ये बड़े जटिल तरह के मामले होते हैं, जिनमें साक्ष्य मिलने की संभावना कम होती है। ऐसे मामले अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय किस्म के होते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के मामले में यह देखने में आया है कि एक संगठन पर प्रतिबंध लगाने पर व्यक्ति दूसरा संगठन बना लेते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद संगठन नहीं, व्यक्ति करता है।

बहस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व गृहमंत्री पी चिदंबरम ने शाह से सवाल उठाया कि इस विधेयक में किसी व्यक्ति को किस स्थिति में आतंकवादी घोषित किया जाएगा, इसे लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इस पर गृह मंत्री ने कहा कि विधेयक में कुछ अस्पष्टता जरूर है, लेकिन यह स्थिति की जटिलता के कारण है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करना परिस्थितिजन्य आधार पर तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने के बाद भी चार स्तर पर इसकी समीक्षा होगी। इसलिए इसे लेकर शंका नहीं की जानी चाहिए।

शाह ने दलील दी कि आतंकवाद अकेले अपने देश की ही नहीं बल्कि वैश्विक समस्या है। इस समस्या से निपटने के लिए आतंकी संगठनों के अलावा व्यक्तियों को भी आतंकवादी घोषित करने को लेकर कानून बनाने के बारे में हम तो पिछड़ गए। अमेरिका, इसराइल, पाकिस्तान, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र पहले ही ऐसा कानून बना चुके हैं।

पीड़िता को एम्स भेजने का निर्णय परिवार पर छोड़ा

पेज 1 का बाकी

परिवार पर छोड़ दिया। पीठ ने इस मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि के इस बयान का संज्ञान लिया कि पीड़ित अभी अचेत है और वेंटीलेटर पर है। उन्होंने कहा कि महिला के परिजनों की राय है कि फिलहाल लखनऊ के अस्पताल में ही उसका इलाज होने दिया जाए। पीठ ने गिरि के इस सुझाव को स्वीकार कर लिया और कहा कि पीड़ित के परिजन उसे लखनऊ से दिल्ली स्थित एम्स में स्थानांतरित करने के बारे में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

पीठ को यह जानकारी भी दी गई कि इस सड़क दुर्घटना में जख्मी वकील को अब वेंटीलेटर से हटा लिया गया है लेकिन उसकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुयी है। वकील के पिता उसे दिल्ली स्थानांतरित करने के बारे में अनिर्णय की स्थिति में है।

पीठ ने बलात्कार पीड़िता के चाचा को रायबरेली जेल से दिल्ली की तिहाड़ जेल स्थानांतरित करने का भी आदेश दिया है। इस मामले में न्यायालय अब सोमवार को आगे विचार करेगा। न्यायालय ने सभी मीडिया संस्थानों को निर्देश दिया कि वे प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष या किसी भी अन्य तरीके से पीड़ित की पहचान सार्वजनिक नहीं करें। इस मामले की संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यायालय को सूचित किया कि 25 लाख रुपए की अंतरिम मुआवजे की राशि पीड़ित के परिवार को पहले ही दी जा चुकी है।

तीन तलाक के दो मामले दर्ज, कानून के खिलाफ याचिका

पेज 1 का बाकी

सुलहनामे के प्रयासों के दौरान थाने के गेट पर ही तीन बार तलाक बोलकर चला गया था। एसपी (सिटी) अशोक कुमार मीणा ने बताया, 'बुधवार को तीन तलाक के खिलाफ कानून बन जाने के बाद शिकायत मिलने पर मुसलिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 व भादंवि की धारा 323, 504 और 3/4 के तहत दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।' एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता की मां ने यह भी आरोप लगाया है कि इस घटनाक्रम के तुरंत बाद जब उन्होंने महिला थाना को अवगत कराया तो उनकी रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उन्हें डांटकर भगा दिया गया।

इसके अलावा महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने कथित रूप से वाट्सऐप के जरिए अपनी पत्नी को तलाक देने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुंब्रा के नजदीक पुलिस ने गुरुवार रात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए और मुसलिम महिला (वैवाहिक अधिकारों की रक्षा) अधिनियम की धारा चार के तहत मामला दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर काड ने कहा कि प्राथमिकी 31 वर्षीय महिला की शिकायत पर दर्ज की गई। महिला ने पुलिस को बताया कि 2015 से 2018 के बीच उसके पति, सास और ननद ने दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया और पति ने फोन और वाट्सऐप पर तीन तलाक दे दिया।

तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को जल्द घाटी छोड़ने का परामर्श

पेज 1 का बाकी

यात्रा रद्द करने का फैसला किया है। खराब मौसम के कारण पहले ही अमरनाथ यात्रा को चार अगस्त तक के लिए स्थगित किया जा चुका था।

इस बीच, केंद्र सरकार ने कश्मीर घाटी में सैन्य बलों की तैनाती बढ़ाई है। सरकार ने जवानों को जल्द से जल्द पहुंचाने के लिए सी-17 समेत भारतीय वायुसेना के कई विमानों को भी सेवा में लगाया है।

कश्मीर घाटी में मौजूदा हालात के मद्देनजर सरकार ने थल सेना और वायुसेना को हाई ऑपरेशनल अलर्ट पर रखा है। जम्मू-कश्मीर में पिछले लगभग 15 दिनों में भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। 10 हजार अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती के फैसले के हफ्ते के भीतर सरकार ने कश्मीर घाटी में 28 हजार और जवानों को भेजा है।

उधर, सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया। सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के आला अफसरों ने श्रीनगर में संयुक्त प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि अमरनाथ यात्रियों पर आतंकियों ने स्नाइपर से हमले की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने इसे पूरी तरह विफल कर दिया। तीनों बलों के द्वारा दी गई जानकारी नई दिल्ली में गृह मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय ने भी जारी की।

सेना के चिनार कोर के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लन के मुताबिक, विभिन्न जगहों पर तलाशी अभियान में भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा निर्मित बारूदी सुरंगे भी आतंकियों के ठिकाने से मिली हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लन के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा के रूट पर आतंकियों के एक ठिकाने से तलाशी अभियान के दौरान अमेरिकी स्नाइपर राइफल एम-24 बरामद की है। इसके अलावा, पाकिस्तान पाकिस्तान में निर्मित बारूदी सुरंग और अन्य विस्फोटक बरामद हुए हैं। बरामद हुई बारूदी सुरंग का इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना करती है। आतंकियों के ठिकानों से जो आइईडी बरामद किए गए हैं उनकी जांच की जा रही है और अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक ये साफ है कि पाकिस्तान कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और किसी को भी कश्मीर की शांति भंग नहीं करने दी जाएगी।

'मोदी चाहें तो करूंगा कश्मीर पर मध्यस्थता'

पेज 1 का बाकी

पिछले हफ्ते ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने जापान में हुई मुलाकात के दौरान उनसे कश्मार मुद्दे पर मध्यस्थता करने को कहा था। जिसपर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कभी कोई अनुरोध नहीं किया।

भारत द्वारा ट्रंप की पेशकश खारिज किए जाने से जुड़े एक सवाल पर ट्रंप ने कहा, 'यह (मध्यस्थता की पेशकश स्वीकार करना) पूरी तरह प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) पर निर्भर करता है।' ट्रंप ने अचरज भरे लहजे में सवाल किया, 'उन्होंने पेशकश स्वीकार की या नहीं?'

सपा नेता सुरेंद्र नागर ने दिया राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा

नई दिल्ली, 2 अगस्त (भाषा)।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर ने शुक्रवार को उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के अनुसार नागर ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात कर अपना त्यागपत्र सौंप दिया है। सभापति कार्यालय के आधिकारिक सूत्रों ने नागर द्वारा त्यागपत्र दिए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि नायडू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

अयोध्या : छह अगस्त से रोजाना सुनवाई

पेज 1 का बाकी

कलीफुल्ला द्वारा पेश की गई रिपोर्ट मिल गई है। हमने इसका अवलोकन किया है। मध्यस्थता कार्यवाही से किसी भी तरह का अंतिम समाधान नहीं निकला है। इसलिए हमें अब लंबित अपील पर सुनवाई करनी होगी जो छह अगस्त से शुरू होगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस प्रकरण के पक्षकारों को अपीलों पर सुनवाई के लिए अब तैयार रहना चाहिए। अदालत ने रजिस्ट्री कार्यालय से भी कहा कि उसे भी दैनिक आधार पर इस मामले की सुनवाई के लिए अदालत के अवलोकन के उद्देश्य से सारी सामग्री तैयार रखनी चाहिए।

अदालत ने कहा हम यह स्पष्ट करते हैं कि इस मामले की सुनवाई दैनिक आधार पर बहस पूरी होने तक चलेगी। मध्यस्थता समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हिंदू और मुसलिम पक्षकार इस पेचीदगी भरे विवाद का कोई सर्वमान्य समाधान नहीं खोज सके।

न्यायमूर्ति कलीफुल्ला की अध्यक्षता वाली इस समिति ने करीब चार महीने तक मध्यस्थता के माध्यम से इस विवाद का समाधान खोजने का प्रयास किया था। मध्यस्थता समिति ने इस विवाद का समाधान खोजने के लिए अयोध्या से करीब सात किलोमीटर दूर फैजाबाद में बंद कमरे में संबंधित पक्षों से बातचीत की थी।

पीठ द्वारा मामले की सुनवाई छह अगस्त से करने का आदेश दिए जाने के बाद एक मुसलिम पक्षकार की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव धवन ने कई तकनीकी मुद्दे उठाए और कहा कि उन्हें इस मामले से संबंधित तमाम बिंदुओं पर विस्तार से बहस के लिए 20 दिन की आवश्यकता होगी और सुनवाई के समय इसमें कोई कटौती नहीं होनी चाहिए। धवन जब इस मामले के विभिन्न पहलुओं पर सुनवाई के बारे में अपनी बात रख रहे थे तभी पीठ ने उनसे कहा- हमें यह ध्यान नहीं दिलाएं कि हमें क्या करना है। हम जानते हैं कि इसके कई पहलू हैं और हम इन सभी पहलुओं पर गौर करेंगे।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाला संविधान पीठ छह अगस्त को इलाहाबाद हाई कोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर सुनवाई शुरू करेगा। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं।

हाई कोर्ट ने इस फैसले में अयोध्या में 2.77 एकड़ की विवादित भूमि इसके तीन पक्षकारों-सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला के बीच बराबर-बराबर बांटने का आदेश दिया था।

दरअसल

डीजीसीए ने विमानन कंपनियों से कहा, श्रीनगर से लोगों लाने के लिए अतिरिक्त विमान रखें तैयार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अगस्त।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार की शाम सभी निर्धारित भारतीय विमानन कंपनियों से कहा कि वे अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों को श्रीनगर से देश के अन्य शहरों तक ले जाने के लिए अतिरिक्त विमानों को तैयार रखें। अगर जरूरत पड़ी तो उनका इस्तेमाल किया जाएगा। इसके बाद विमानन कंपनियों ने अपनी बुकिंग को रीशेड्यूल कर रहे यात्रियों का अतिरिक्त शुल्क माफ करने का एलान किया है। विमानन कंपनी इंडिगो ने ट्वीट किया कि श्रीनगर में मौजूदा सुरक्षा के हालात और सरकार के परामर्श को देखते हुए हम नौ अगस्त तक श्रीनगर जाने और वहां से आने वाले विमानों के रीशेड्यूल और रद्द करने पर कोई शुल्क नहीं लेंगे।

कश्मीर पर कोई भी वार्ता केवल पाकिस्तान के साथ : जयशंकर

पेज 1 का बाकी

इस समय थाईलैंड की राजधानी में हैं। वे आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक, नौवें पूर्वी एशिया सम्मेलन में विदेश मंत्रियों की बैठक, 26वें आसियान क्षेत्रीय मंच और 10वीं मेकांग-गंगा निगम मंत्रिस्तरीय बैठक समेत कई सम्मेलनों में भाग लेने पहुंचे हुए हैं।

पोम्पिओ से मुलाकात के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, 'पोम्पिओ को स्पष्ट रूप से यह बता दिया गया कि यदि कश्मीर पर किसी वार्ता की आवश्यकता हुई तो वह केवल पाकिस्तान के साथ होगी और द्विपक्षीय ही होगी।'

भारत ने ठुकरा दी पाक की तमाम शर्तें

पेज 1 का बाकी

के लिए नहीं गए। पाकिस्तान ने राजनयिक पहुंच के लिए तीन शर्तें गिनाई थीं, जिसे भारत ने ठुकरा दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय अब पाकिस्तान की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह मामले में जाधव को राजनयिक पहुंच मुहैया कराने के पाकिस्तान के प्रस्ताव का आकलन कर रहा है।

